रविवार, 3 नवम्बर 2024

मौसम



तापमान 33 – 23
आर्द्रता 70%
सूर्योदयः 5:42 सूर्यास्तः 16:58

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : अक्सर वही रिश्ते, लाजवाब होते हैं... जो एहसासों से बने होते हैं।



गिल, पंत और गेंदबाजों ने जगाई भारत की उम्मीद

–पृष्ठ 8




## भारत आज खुद को ''विश्व मित्र'' के रूप में स्थापित कर रहा है: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत आज स्वयं को ''विश्व मित्र'' के रूप में स्थापित कर रहा है। यहां एक पुस्तक विमोचन के मौके पर अपने संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा कि ''हम अधिक से अधिक लोगों के साथ मित्रता करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि इससे जाहिर तौर पर भारत के प्रति सद्भावना और सकारात्मकता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यह देश द्वारा वैश्विक भलाई में दिए जा रहे बढ़ते योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके करीबी जुड़ाव में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम विश्लेषण में मित्र ''हमेशा प्रगति पर काम करते हैं''। जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लिए मित्रता विकसित करना कभी आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भावनात्मक पहलू साझा अनुभवों से आता है और 'ग्लोबल साउथ' के संबंध में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

# कनाडा ने साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में भारत को किया शामिल

**ओटावा :** कनाडा ने पहली बार भारत का नाम साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। इसके जरिये उसने यह संकेत देने की कोशिश की है कि (भारत) सरकार द्वारा प्रायोजित तत्वों के माध्यम से ओटावा के खिलाफ जासूसी किए जाने की संभावना है। दोनों देशों के मध्य जारी कूटनीतिक विवाद के बीच, कनाडा की राष्ट्रीय साइबर खतरा आकलन 2025-2026 (एनसीटीए 2025-2026) रिपोर्ट में चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया के बाद भारत को पांचवें स्थान पर रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''हमारा



आकलन है कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित साइबर खतरा पैदा करने वाले तत्वों द्वारा जासूसी के मकसद से कनाडा सरकार के नेटवर्क के खिलाफ साइबर खतरा पैदा करने वाली गतिविधि संचालित किए जाने की संभावना है।'' यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक साल पहले कहा था कि कनाडा के पास इस बारे में विश्वसनीय सबूत हैं कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे।

## भारत ने खुद को साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में डालने के लिए कनाडा की आलोचना की

**नयी दिल्ली :** भारत ने साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में अपना नाम शामिल होने के बाद शनिवार को कनाडा की आलोचना की और कहा कि यह 'वर्गीकरण' देश को निशाना बनाने की कनाडा की रणनीति का एक और उदाहरण है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मुद्दे पर पूछे गए सवालों के जवाब में पत्रकारों से कहा कि कनाडा के वरिष्ठ अधिकारियों ने 'खुले तौर पर स्वीकार किया है' कि वे 'भारत के खिलाफ वैश्विक विमर्श को प्रभावित करने' की कोशिश कर रहे हैं और पहले की तरह 'बिना किसी सबूत के' आरोप लगाए जा रहे हैं।

# जम्मू–कश्मीर में दो मुठभेड़ों में लश्कर–ए–तैयबा के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर :** जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर और अनंतनाग जिलों में शनिवार को सुरक्षा बलों ने दो अलग–अलग मुठभेड़ों में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए प्रतिबंधित संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर और दो अन्य आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लश्कर–ए–तैयबा के कमांडर की पहचान उस्मान के रूप में हुई है, जो कई वर्षों से घाटी में सक्रिय था और निरीक्षक मसरूर वानी की हत्या में भी शामिल था। अक्टूबर, 2023 में ईदगाह मैदान में क्रिकेट खेलते समय वानी की नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि उस्मान घाटी में काफी लंबे समय से सक्रिय था और कई हमलों में शामिल था, उसका मारा जाना जम्मू–कश्मीर में लश्कर–ए–तैयबा के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, उस्मान यहां लश्कर–ए–तैयबा का सबसे वरिष्ठ पाकिस्तानी कमांडर था। श्रीनगर में



हुई मुठभेड़ में चार सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घनी आबादी वाले खानयार इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और तलाश अभियान मुठभेड़ में बदल गया। अभियान के दौरान जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे वहां आग लग गई और आसमान में घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में उस्मान मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घायलों को सेना के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। श्रीनगर में पिछले दो साल में यह पहली मुठभेड़ थी। पिछली मुठभेड़ सितंबर 2022 में नौगाम में हुई थी, जिसमें अंसार गजवत–उल–हिंद के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गए थे।

## हर गिरफ्तारी और हिरासत का अर्थ उत्पीड़न नहीं : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाल ही में दिए एक निर्णय में कहा है कि प्रत्येक गिरफ्तारी और हिरासत का अर्थ व्यक्ति का हिरासत में उत्पीड़न नहीं है। इस टिप्पणी के साथ अदालत ने महराजगंज जिले के शाह फैसल नाम के व्यक्ति की ओर से दायर रिट याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने पुलिस द्वारा हिरासत में कथित तौर पर किए गए अमानवीय व्यवहार के लिए राज्य सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की थी। इस मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप था कि उसने डंडे से ऋषिकेश भारती नाम के एक व्यक्ति को पीटा था। उसे इस मामले में पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा थाने में बुलाया गया। बाद में शाह



फैसल ने शिकायत की कि उसके साथ थाने में अमानवीय व्यवहार किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने इस आरोप की जांच शुरू की और जांच में पुलिसकर्मियों के खिलाफ कुछ भी ऐसा नहीं मिला। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने कहा, याचिकाकर्ता के किसी मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं किया गया है। यह नहीं कहा जा सकता कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अपराध का दमन करने के लिए सीमा लांघी। याचिका में अदालत से महराजगंज के पुलिस अधीक्षक को दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

## भारत में करीब 98 प्रतिशत स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय : केंद्र ने न्यायालय को बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी सहित देश के 97.5 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालयों की सुविधा है। इसने कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर की ओर से दायर लंबित जनहित याचिका के संबंध में एक हलफनामा दायर किया है, जिसमें कक्षा छह से 12 तक की छात्राओं को मुफ्त 'सैनिटरी पैड' प्रदान करने और सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त तथा आवासीय स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था करने के वास्ते निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया है। केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया है कि दिल्ली, गोवा और पुडुचेरी जैसे राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है और अदालत के पहले के आदेशों का अनुपालन किया है। इसने अदालत को यह भी बताया कि 10 लाख से अधिक सरकारी स्कूलों में लड़कों के लिए 16 लाख शौचालय और लड़कियों के लिए 17.5 लाख शौचालय बनाए गए हैं तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कों के लिए 2.5 लाख और लड़कियों के लिए 2.9 लाख शौचालय बनाए गए हैं। केंद्र ने रेखांकित किया कि पश्चिम बंगाल में 99.9 प्रतिशत स्कूलों में और उत्तर प्रदेश में 98.8 प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालयों की सुविधा है। इसने अदालत को सूचित किया कि तमिलनाडु में यह आंकड़ा 99.7 फीसदी, केरल में 99.6 फीसदी, सिक्किम, गुजरात, पंजाब में 99.5 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 99.6 फीसदी, कर्नाटक में 98.7 फीसदी, मध्य प्रदेश में 98.6 फीसदी, महाराष्ट्र में 97.8 फीसदी, राजस्थान में 98 प्रतिशत, बिहार में 98.5 प्रतिशत और ओडिशा में 96.1 प्रतिशत का है। केंद्र ने कहा है कि पूर्वोत्तर राज्य राष्ट्रीय औसत 98 प्रतिशत से पीछे हैं। इसने कहा कि जम्मू–कश्मीर में 89.2 प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र ने आठ जुलाई को शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि स्कूल जाने वाली किशोर उम्र की लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों के वितरण को लेकर बनाई जा रही एक राष्ट्रीय नीति तैयार होने के उन्नत चरण में है। ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका में स्कूलों में गरीब पृष्ठभूमि की किशोरियों को होने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला गया है।

# शालीमार में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

### जमकर बरसे ईंट–पत्थर, कई लोग घायल

**हावड़ा :** हावड़ा शहर के बी गार्डन थाना अंतर्गत शालीमार के गेट नंबर पांच के नेपाली बस्ती इलाके में शनिवार रात करीब आठ बजे गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर ईंट–पत्थर बरसाए गए, जिससे पूरा इलाका रणक्षेत्र बन गया। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। झड़प में दोनों पक्षों के कई लोगों के घायल होने की खबर है। मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित



किया।बताया जा रहा है कि सुलतान और अपर्णा गुट के बीच यह मारपीट व झड़प की घटना घटी, जिसने हिंसक रूप ले लिया। हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हावड़ा सिटी पुलिस की ओर से बताया गया कि घटना के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दो समूहों के बीच अभद्र भाषा के इस्तेमाल को लेकर कहासुनी शुरू हुई जो पत्थरबाजी तक पहुंच गईं। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद है। पुलिस के अनुसार, स्थिति नियंत्रण में है। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## जम्मू–कश्मीर में ऐसी स्थिति बनेगी कि आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा : राजनाथ

**कानपुर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दावा किया कि जम्मू–कश्मीर में ऐसी स्थिति बनेगी कि आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। कानपुर दौरे पर शनिवार को आये राजनाथ सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''जम्मू–कश्मीर में पहले होने वाले आतंकी हमलों की तुलना में अब हमलों की संख्या काफी कम है और उस क्षेत्र में सुरक्षा बल सतर्क हैं। जम्मू–कश्मीर में ऐसी स्थिति बनेगी कि आतंकवाद पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।''

## भारत ने गृह मंत्री अमित शाह के बारे में कनाडा के आरोपों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया

**नयी दिल्ली :** भारत ने शनिवार को कहा कि उसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में कनाडा के एक मंत्री की टिप्पणियों को लेकर कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया है, और चेतावनी दी कि इस तरह के ''बेतुका और निराधार'' आरोपों का दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा मंगलवार को लगाए गए उस आरोप के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि शाह ने कनाडा के अंदर सिख अलगाववादियों को निशाना बनाकर हिंसा, धमकी और खुफिया जानकारी जुटाने का अभियान चलाने का आदेश दिया था। मॉरिसन ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कनाडाई संसद सदस्यों को यह भी बताया था कि उन्होंने 'वाशिंगटन पोस्ट' को शाह के नाम की पुष्टि की थी, जिसने (समाचार पत्र ने) सबसे पहले आरोपों के संबंध में रिपोर्ट प्रकाशित की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह खुलासा कि कनाडा सरकार के आला अधिकारियों ने भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सोझी–समझी रणनीति के तहत अंतरराष्ट्रीय मीडिया को जानबूझकर निराधार आक्षेप लीक किए, यह केवल उस दृष्टिकोण की पुष्टि करता है, जो भारत सरकार वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार पैटर्न के बारे में लंबे समय से रखती आ रही है। जायसवाल ने यहां साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इस तरह की गैर जिम्मेदाराना कार्रवाई से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा।

## भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध के फैसले से तनाव

### विदेश मंत्रालय के अधिकारी अमेरिका के संपर्क में

**नई दिल्ली :** रूस के सैन्य–औद्योगिक प्रतिष्ठान का कथित तौर पर समर्थन करने के आरोप को लेकर अमेरिका द्वारा कई भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि नई दिल्ली मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए वाशिंगटन के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर ''मजबूत कानूनी एवं नियामक ढांचा'' है। उन्होंने कहा, ''हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं के भी सदस्य हैं।'' जायसवाल ने कहा, ''भारत की स्थापित अप्रसार साख को ध्यान में रखते हुए हम सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ भारतीय कंपनियों को लागू निर्यात नियंत्रण प्रावधानों के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए काम कर रहे हैं तथा उन्हें लागू किए जा रहे नए उपायों के बारे में भी सूचित कर रहे हैं, जो कुछ परिस्थितियों में भारतीय कंपनियों को प्रभावित कर सकते हैं।''

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी–रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
*Chamber :* Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION Toll Free No. 1800 889 1704

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars

# घुसपैठियों को बाहर निकालें, वरना झारखंड में हिंदू आबादी 20 साल में घटकर 50 फीसदी रह जाएगी : हिमंत

**रांची :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को झारखंड से घुसपैठियों को बाहर निकालने पर जोर देते हुए दावा किया कि यदि राज्य में घुसपैठ इसी तरह जारी रही तो अगले 20 वर्षों में यहां हिंदू आबादी घटकर 50 प्रतिशत रह जाएगी। शर्मा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर ''घुसपैठियों को संरक्षण'' देने का आरोप लगाया और कहा कि यह चुनाव अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने तथा हिंदुओं की रक्षा करने का चुनाव है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड चुनाव सह-प्रभारी शर्मा ने हिंदुओं से 'सनातन धर्म' को बचाने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। शर्मा ने पलामू के पांकी में पार्टी उम्मीदवार कुशवाहा शशि भूषण मेहता के पक्ष में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''यह चुनाव झारखंड से घुसपैठियों को बाहर निकालने और हिंदुओं को बचाने के लिए है। यह सनातन को बचाने के लिए एकजुट रहने का समय है। अगर घुसपैठ पर रोक नहीं लगाई गई तो अगले 20 वर्षों में झारखंड में हिंदू आबादी घटकर 50 फीसदी रह जाएगी।'' उन्होंने दावा किया कि झारखंड में कई क्षेत्रों में हिंदू आबादी कम हो गई है।



## घुसपैठियों को बाहर निकालने, हिंदुओं को बचाने का चुनाव है झारखंड चुनावः हिमंत

**रांची :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर 'घुसपैठियों को संरक्षण' देने का आरोप लगाया और कहा कि यह चुनाव अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने तथा हिंदुओं की रक्षा करने का चुनाव है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड चुनाव सह-प्रभारी शर्मा ने हिंदुओं से 'सनातन' को बचाने के लिए एकजुट रहने का आग्रह किया। शर्मा ने पलामू के पांकी में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'लने और हिंदुओं को बचाने के लिए हैं। हम हिंदू हैं, हम हिंदू थे और हम हिंदू रहेंगे...सनातन को बचाने के लिए एकजुट रहने का समय आ गया है।' उन्होंने दावा किया कि झारखंड में कई क्षेत्रों में हिंदू आबादी कम हो गई है।

# पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई का करीबी बता धमकी देने का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

पूर्णिया (बिहार) : बिहार पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने राष्ट्रीय राजधानी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिसने हाल ही में खुद को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी बताकर निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को धमकी दी थी। पुलिस ने यादव के संसदीय क्षेत्र पूर्णिया में एक बयान जारी कर बताया कि सोशल मीडिया और मुख्यधारा की मीडिया में आई खबरों के आधार पर मामला दर्ज किया गया और फोन करने वाले की पहचान दिल्ली निवासी महेश पांडे के रूप में हुई है। यादव ने कथित तौर पर 'दुबई के एक नंबर से' फोन कॉल आने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने हालांकि, स्पष्ट किया कि उसे अभी तक पांडे का लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कोई संबंध नहीं मिला है। उसने बताया कि गिरफ्तार पांडे से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पांडे ने स्वीकार किया है कि उसने सांसद से व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क किया था। आरोपी ने बताया कि संपर्क करने के लिए उसने संयुक्त अरब अमीरात में रह रही अपनी साली के सिम कार्ड का इस्तेमाल किया। पुलिस के मुताबिक पांडे ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के तुरंत बाद बिश्नोई के खिलाफ यादव के गुस्से की खबर आने के बाद कथित तौर पर यह शरारत की थी। उसने सांसद का फोन नंबर गूगल से खोजा था। यादव ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा था कि यदि उन्हें कानून द्वारा अनुमति दी गई तो वह बिश्नोई गिरोह को 24 घंटे के भीतर खत्म कर सकते हैं। बिश्नोई के सिद्दीकी मामले से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि जिस मोबाइल सेट से पांडे ने कॉल किया था उसे सिम कार्ड सहित जब्त कर लिया गया है।



## बुलंदशहर में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद थाना क्षेत्र में छह साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सिकंदराबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला शुक्रवार की रात अपनी दो बेटियों के साथ सो रही थी और उसका पति बाहर गया था। पति जब घर पहुंचा तो बड़ी बेटी घर में मौजूद नहीं मिली जिसके बाद परिवार के लोग बच्ची को तलाश करने लगे। कुछ देर बाद उन्हें बच्ची मिली। सिकंदराबाद की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पूर्णिमा सिंह ने बताया कि आज थाना सिकंदराबाद पुलिस को सूचना मिली कि छह साल की एक बच्ची के साथ रोहित नामक एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया है।

## लाभार्थियों को हर माह 1,000 रुपये दें: कल्पना सोरेन ने केंद्र से कहा

**लातेहार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार से देश में झारखंड की तर्ज पर सार्वभौमिक पेंशन योजना लागू करने और लाभार्थियों को हर महीने 1,000 रुपये की पेंशन देने का शनिवार को आग्रह किया। लातेहार में झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम के समर्थन में आयोजित रैली में कल्पना ने दावा किया कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने सार्वभौमिक पेंशन योजना शुरू की है और पिछले पांच वर्षों में इस योजना के तहत 27 लाख लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को 1,000 रुपये प्रति माह पेंशन प्रदान की जा रही है।

# आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित होने के बाद यूनुस चौधरी को बागपत कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद से हटाया गया

**बागपत (उप्र) :** बागपत के कांग्रेस जिला अध्यक्ष यूनुस चौधरी का कथित तौर पर एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पार्टी ने उन्हें पद से हटा दिया है। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। प्रसारित वीडियो में जिलाध्यक्ष एक महिला के साथ अश्लील हरकत करते दिख रहे हैं। 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में युनूस चौधरी को पद से हटाए जाने की पुष्टि कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी ने शनिवार शाम को की। उन्होंने बताया कि उनकी इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से फोन पर बात हुई है, जिसमें उन्होंने युनूस चौधरी को बागपत जिलाध्यक्ष पद से हटाए जाने की बात कही है। कांग्रेस प्रवक्ता त्यागी के अनुसार, युनूस चौधरी का एक युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो शुक्रवार को सार्वजनिक हुआ था, जिसके बाद पार्टी नेतृत्व ने यह कार्रवाई की है। क्या युनूस चौधरी को पार्टी से भी निकाला जाएगा? इस सवाल पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस पर निर्णय जल्द ही पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। उधर,इस मामले में बातचीत के लिए युनूस चौधरी से उनके मोबाइल पर सम्पर्क करने की काफी कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। हालांकि, सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में युनूस चौधरी ने इस घटना को अपने राजनीतिक विरोधियों की साजिश बताया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने के लिए विरोधियों द्वारा वीडियो को संपादित करके प्रसारित किया गया है।



# बसपा की वजह से भाजपा और सपा की नींद उड़ी, ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे : मायावती

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उप-चुनावों में उनकी पार्टी के मैदान में होने से दोनों दलों की नींद उड़ गयी है इसलिए दोनों पार्टियों के नेता ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे हैं। मायावती ने प्रदेश में भाजपा और सपा के बीच गठबंधन का आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल में दिये भाषणों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा के 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि हर मामले में इनकी (भाजपा व सपा) दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि 'बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।' मायावती ने पत्रकारों से कहा, जबसे उप्र में नौ विधानसभा सीट पर उप-चुनाव घोषित हुए हैं तब से भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि इस बार सभी सीट पर बसपा भी अकेले यह चुनाव लड़ रही है। मायावती ने कहा, काफी समय से एक-दो उपचुनाव को छोड़कर बसपा अधिकांश उप चुनाव नहीं लड़ी है तबसे खासकर भाजपा और सपा तथा इनका गठबंधन इन उपचुनावों में आपस में मिल बांटकर चुनाव लड़ते रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इस बार जब बसपा भी मैदान में डंटी है तो इन दोनों के गठबंधन की परेशानी बढ़ गयी है। बसपा प्रमुख ने दावा किया, जनता का ध्यान बांटने के लिए अब भाजपा 'बंटेंगे तो कटेंगे' और सपा के लोग 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' जैसे नारों को प्रचारित करने में लग गये हैं। इनके हर मामले में दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।



## उप्र के गांव में गाय को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटे जाने पर मुकदमा दर्ज

**संभल (उप्र) :** संभल जिले के कैला देवी थाना क्षेत्र स्थित सिंघावली गांव में एक गाय को ट्रैक्टर से बांधकर गौशाला में घसीटे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी (संभल) अनुज कुमार ने बताया कि कैला देवी थाना क्षेत्र के सिंघावली ग्राम पंचायत सचिव ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कराया और आरोप लगाया कि गांव की गौशाला में एक गाय के पैरों को ट्रैक्टर से बांध कर उसे घसीटा गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्राम प्रधान ओमवती, उनके पति रूप किशोर, केयर टेकर कालू और ट्रैक्टर चालक नेम सिंह के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### सबकी समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि उनकी सरकार सबकी समस्या के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और बिना भेदभाव के सबको न्याय मिलेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### नकारात्मक नारा निराशा और नाकामी का प्रतीक है : अखिलेश



लखनऊ : समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि नकारात्मक नारा उनकी निराशा और नाकामी का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि 'देश के इतिहास में यह नारा 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा और उनके राजनीतिक पतन के अंतिम अध्याय के रूप में आखिरी 'शाब्दिक कील-सा' साबित होगा।' सपा प्रमुख ने किसी का नाम लिए बगैर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'उनका 'नकारात्मक-नारा' उनकी निराशा-नाकामी का प्रतीक है। इस नारे ने साबित कर दिया है कि उनके जो गिनती के 10 प्रतिशत मतदाता बचे हैं अब वे भी खिसकने के कगार पर हैं, इसीलिए ये उनको डराकर एक करने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन ऐसा कुछ होने वाला नहीं।' उन्होंने कहा, 'नकारात्मक-नारे का असर भी होता है, दरअसल इस 'निराश-नारे' के आने के बाद, उनके बचे-खुचे समर्थक ये सोचकर और भी निराश हैं कि जिन्हें हम ताकतवर समझ रहे थे, वो तो सत्ता में रहकर भी कमजोरी की ही बातें कर रहे हैं। जिस 'आदर्श राज्य' की कल्पना हमारे देश में की जाती है, उसके आधार में 'अभय' होता है; 'भय' नहीं। ये सच है कि 'भयभीत' ही 'भय' बेचता है क्योंकि जिसके पास जो होगा, वो वही तो बेचेगा।'

### मथुरा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया 'गोवर्धन पूजा' पर्व

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शनिवार को श्रद्धा एवं उल्लास से 'गोवर्धन पूजा' का पर्व मनाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया हालांकि पुष्टिमार्गीय सम्प्रदाय के ठा. द्वारिकाधीश मंदिर में 'गोवर्धन पूजा' शुक्रवार को ही मना लिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन पर्वत की सप्तकोसीय परिक्रमा करने के लिए निकल पड़े थे। परिक्रमा करने वालों में बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। वहीं जिला एवं नगर प्रशासन से जुड़े अधिकारी विश्राम घाट पर होने वाले विशेष स्नान की व्यवस्था में जुटे रहे। इसके साथ ही रविवार को शहर की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर न केवल बाहरी, बल्कि स्थानीय तिपहिया, चौपहिया वाहनों के जाने पर रोक लगा दी गई।

### भ्रष्टाचार के कारण सरकार 4.4 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय कोष का समुचित उपयोग नहीं कर पाईः भाजपा

**रांची :** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार पर हमला करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन पिछले एक दशक में 4.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के केंद्रीय कोष का समुचित उपयोग करने में विफल रहा है। भाजपा ने राज्य सरकार पर कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा आवंटित 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाया। भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने आरोप लगाया, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से आर्थिक समर्थन प्राप्त करने के बावजूद सोरेन सरकार इसका उचित उपयोग करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के लिए 2014 से 4.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए – जो लगभग 737 चंद्रयान मिशनों या 4,510 वंदे भारत ट्रेनों की लागत के बराबर है।

# आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 नवम्बर, रविवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष द्वितीया, 22:02 तक, नक्षत्र : विशाखा, 05:51 तक, योग : सौभाग्य, 11:36 तक, सूर्योदय: 5:42, सूर्यास्त: 16:58, चन्द्रोदय : 07:07, चन्द्रास्त: 18:01, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 15:30 से 16:53

# साप्ताहिक : राशिफल 03-11-24 से 09-11-24



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा यद्यपि थोड़ी बहुत चुनौतियाँ रहेंगी लेकिन जातक का कोई बड़ा एवं महत्वपूर्ण कार्य बन सकता है। जिससे जातक की चुनौतियाँ कम हो सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातको का समय अनुकूल है। जातक अपने परिश्रम एवं प्रयास से कोई बड़ा पद पाने में सफल हो सकता है कई तरह की योजनाए को पटरी पर आने से जातक को राहत मिल सकती है। इस सप्ताह सूर्य की उच्च दृष्टि जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि कर सकती है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अनुकूल रहेगा। जातक की भाग-दौड़ से कई महत्वपूर्ण कार्य बन सकते है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति विश्वास बड़ सकता है। घूमने-फिरने का भी अवसर मिल सकता है। कई कार्य-योजनाओं को नई दिशा देने में जातक को सफलता मिल सकती है। छात्रों के लिए समय थोड़ा चुनौतियों के साथ अनुकूल बना रहेगा। व्यवसाय के लिए भी समय बहुत अनुकूल है। जातक यदि सोच-समझकर पूंजी निवेश करेगा तो बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। कई महत्वपूर्ण कार्यों के समय पर पूरा न होने से जातक दबाव महसूस कर सकता है। जातक यदि क्रियाशील बना रहेगा तो चुनौतियों को कम करने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में भी मन लग सकता है। किसी महत्वपूर्ण परीक्षा में अनुकूल परिणाम न आने से जातक दबाव महसूस कर सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। सप्ताह के मध्य तक स्थितियाँ बहुत अनुकूल रहेगीं। सप्ताह के मध्य के बाद थोड़ी-बहुत चुनौतियाँ आ सकती है लेकिन जातक अपनी दूर-दृष्टि से हर स्थितियों को अनुकूल बनाने एवं पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए समय लगभग अनुकूल है। जातको को परिश्रम के साथ बड़ी सफलता मिल सकती है। खिलाडियों के लिए भी समय अनुकूल है। किसी प्रतियोगिता में बड़ी सफलता मिल सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग मिला-जुला रहेगा। कार्य की अधिकता बढ़ सकती है जिससे जातक को थोड़ी चुनौतियाँ महसूस हो सकती है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे, हड्डी एवं मासंपेशियों जैसी परेशानी हो सकती है। अधिक उम्र वाले जातक अधिक ध्यान रखे। सरकारी सेवा में लगे जातको का समय मिला-जूला रहेगा। परिश्रम के साथ कोई महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा इसलिए बाजार एवं शेयर मार्केट में सोच-समझकर पूंजी निवेश करे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेंगा। बुध के कमजोर होने एवं राहु-केतु के दबाव बनने के कारण जातक थोड़ा चुनौती महसूस कर सकता है। इस सप्ताह विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी थोड़ा सक्रिय बने रहेंगे जो जातक के लिए थोड़ी चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। इस सप्ताह निरंतर सक्रिय बने रहने से चुनौतियाँ थोड़ी कम हो सकती है। वाहन आदि सावधानीपूर्वक चलाये नही तो चोट-चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। जातक की कई कार्य-योजनाओं में दबाव या चुनौतियाँ बन सकती है। जिससे जातक तनाव महसूस कर सकता है। शासन-प्रशासन से जुड़े जातको के लिए भी यह सप्ताह थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। बड़े अधिकारी से ताल-मेल न बने के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है। घर-परिवार में भी मत-भेद के कारण जातक थोड़ा चुनौतियाँ महसूस कर सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों के सक्रिय होने से जातक दबाव या चुनौती महसूस कर सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। जातक की कई कार्य-योजनाए प्रभावित हो सकती हैं। कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के समय पर पूरा न होने से चुनौतियाँ बनी रह सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। इस सप्ताह अधिक खर्च होने के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है। सुख-सुविधाओं पर अधिक खर्च होने से जातक को आर्थिक चुनौतियाँ बढ़ सकती है। इस सप्ताह जातक की कार्य-योजनाओं में दबाव बने से जातक मानसिक तनाव महसूस कर सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा यद्यपि परिश्रम एवं संघर्ष बना रह सकता है। घरेलू परेशानियाँ एवं चुनौतियाँ जातक के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। इस बीच कार्यों की अधिकता और कई तरह की कार्य-योजनाओं को करने की चुनौतियाँ बनी रह सकती है इसलिए जातक को सक्रिय बने रहना होगा। सप्ताह के मध्य आते-आते स्थितियाँ थोड़ी अनुकूल हो सकती है। जिससे कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है। छात्रों के लिए भी समय मिला-जुला रहेगा। किसी बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में जातक अधिक परिश्रम कर सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल बना रहेगा। जातक अपने परिश्रम एवं दूर-दृष्टि से कई महत्वपूर्ण कार्य को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। जातक यदि सक्रिय बना रहेगा तो जातक को अपनी कार्य-योजनाओं को विस्तार देने में सफल हो सकता है। ठेकेदारी के कार्यों में लगे जातको का समय भी अनुकूल है। किसी बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों का प्रमोशन या किसी अच्छे स्थान पर कार्य करना का अवसर जातक को मिल सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला बना रहेगा। कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियाँ अभी बनी रह सकती है इसलिए जातक को दूर-दृष्टि से काम लेना हो तभी स्थितियाँ अनुकूल या पटरी पर आ सकती है। कई कार्य-योजनाओं को अनुकूल बनाने में जातक को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भविष्य की दृष्टि से किये गये कार्य जातक के लिए अनुकूल स्थितियाँ बना सकते है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय संघर्षों के साथ अनुकूल बना रहेगा। सुख-सुविधाओं पर अधिक खर्च होने के कारण आर्थिक चुनौतियाँ बढ़ सकती है लेकिन इस बीच जातक को सूझ-बूझ से काम लेना चाहिये तभी स्थितियाँ अनुकूल एवं पटरी पर आ सकती है। बात-चीत मे भी सावधानी बनाये रखे नही तो अनावश्यक तर्क-वितर्क के कारण परेशानियाँ बढ़ सकती है। घर-परिवार में भी स्थितियाँ थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है इसलिए छोड़ी सावधानी बनाये रखे।

# वर्ग पहेली नं. 2905



➲ **बायें से दायें:-** 1) रिश्वतख़ोर; कामचोर; विश्वासघाती, 4) आम तौर पर; ज़्यादातर, 7) वस्त्र, 9) तिब्बत के बौद्धों का धर्माचार्य, 10) अशुभसूचक; अकल्याण, 13) व्यर्थ, 15) गिरजाघर, 16) नाड़ी; रग, 18) जनाना ढीला पाजामा, 20) रुई, 21) साझा; सहयोग, 23) बीच में, 25) वृद्धावस्था, 26) गुणज्ञ, 29) मिस्तरी, 30) तंग करना.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 2) बिंदास; मस्तमौला, 3) ध्वनि, 4) उदास, 5) परामर्श, 6) लक्ष्मी, 8) मित्र, 11) सप्ताह का एक दिन, 12) तर्कहीन; खंडनीय, 14) विशेषतः, 17) विनोद-प्रिय, 19) आकर्षण, 21) पागलों की-सी ध्वनि या आचरण, 22) धर्मद्रोही; नास्तिक, 23) छिलन, 24) अपस्मार; फ़िट, 25) नागरिक गण, 27) चौबीस का समुदाय, 28) बंदा; सेवक.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



# सुडोकू-पहेली-2865

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | | | 7 | | | | 4 |
| | | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 1 | | | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | 6 | | 8 | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2864 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 |

# राजाबाजार की अशांति को लेकर सोशल मीडिया में उड़ी अफवाहें, कोलकाता पुलिस ने किया सतर्क

**❑ शुभेंदु अधिकारी के दावे को किया खारिज, बताया 'मुद्दा बाइक पार्किंग का था'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गत शुक्रवार को एक्स पर एक वीडियो साझा किया था। उन्होंने वीडियो में काली पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान कोलकाता के मुस्लिम बहुल राजाबाजार इलाके में हमले व अशांति फैलाने का आरोप लगाया है। हालांकि, कोलकाता पुलिस ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। शनिवार को पुलिस ने कहा कि घटना के बारे में एक फर्जी कहानी बनाने की कोशिश की गई है। पुलिस



ने बयान जारी कर कहा कि काली पूजा विसर्जन जुलूस पर कोई हमला नहीं किया गया। मुद्दा बाइक की पार्किंग से जुड़ा था, जिसके कारण दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा हुआ और आगे बढ़ गया। पुलिस ने समय पर हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाया। पुलिस ने दावा किया कि निर्धारित काली पूजा विसर्जन जुलूस शांतिपूर्वक और बिना किसी बाधा के पूरा हुआ। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की देर रात शुभेंदु ने एक्स पर घटना का वीडियो साझा करते हुए कोलकाता पुलिस पर नींद में रहने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने लिखा था कि बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति चरम पर है। राजाबाजार में मां काली के विसर्जन जुलूस पर हमला किया गया। नारकेलडांगा थाने की पुलिस कार्रवाई करने और भक्तों की सुरक्षा करने में विफल रही। अगर आप अभी भी अपनी गहरी नींद से नहीं जागे हैं तो आम और निर्दोष भारतीयों के हित में तुरंत केंद्रीय बलों की तैनाती का अनुरोध किया, जो बार-बार बंगाल में कट्टरपंथियों के हमले का शिकार हो रहे हैं। इन आरोपों के बाद, इस दिन, तड़के कोलकाता पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंटरनेट मीडिया पर नारकेलडांगा में हुई घटना के बारे में एक फर्जी कहानी बनाने की कोशिश की गई है।

### राजाबाजार में हुई पत्थरबाजी को कुणाल घोष ने स्थानीय विवाद बताया

राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने राजाबाजार में मां काली की प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी के मामले पर शनिवार को प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस घटना को भाजपा जिस तरह से पेश कर रही है, वह पूर्णतया गलत है। कुणाल घोष ने कहा कि यह घटना नारकेलडांगा में हुई और भाजपा जो बयान दे रही है, वह वास्तविकता से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी शुक्रवार को नारकेलडांगा में हुआ है, भाजपा जो कह रही है, वह तथ्य नहीं है। यह धर्म के नाम पर विभाजन या पूजा के नाम पर टकराव नहीं है। यह सिर्फ एक मोहल्ले में दो व्यक्तियों के बीच हुई लड़ाई थी, जो थोड़ी बढ़ गई थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष से कुछ उत्तेजना थी, लेकिन पुलिस ने पूरे हालात को अच्छे से संभाल लिया। भाजपा द्वारा दिए गए बयान के बाद स्थिति और भी बिगड़ सकती है, लेकिन पुलिस मामले की पूरी जांच कर रही है और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस ने घटनास्थल पर सही तरीके से स्थिति को नियंत्रित किया था, और वर्तमान में पूरी स्थिति की जांच चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की उत्तेजना से बचें और पुलिस पर विश्वास रखें।

## आरजीकर भ्रष्टाचार मामला : सीबीआई को एमबीबीएस चयन में अनियमितताओं में संदीप घोष के हाथ होने के सुराग मिले

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। सीबीआई अधिकारियों को एमबीबीएस चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी में पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की संलिप्तता के सुराग मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने पिछले महीने हाईकोर्ट में दायर अपनी रिपोर्ट में भी इन निष्कर्षों का उल्लेख किया था। सीबीआई अधिकारियों के निष्कर्षों के अनुसार, एमबीबीएस चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं 2021 में हुईं थीं। इसमें संदीप घोष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट के साथ 2021 में एमबीबीएस चयन से संबंधित कुछ प्रासंगिक सहायक सबूत कोलकाता हाईकोर्ट को सौंपे हैं। सूत्रों के अनुसार, दस्तावेजों में कॉल रिकॉर्ड और कुछ वॉयस मैसेज शामिल हैं, जो गलत कार्यों में संदीप घोष की संलिप्तता का संकेत देते हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को हाउस स्टाफ के चयन में भी इसी प्रकार की अनियमितताएं मिली हैं। हाउस स्टाफ के चयन में गड़बड़ी का एक बेहतरीन उदाहरण संदीप घोष का करीबी विश्वासपात्र आशीष पांडे है। सीबीआई अधिकारियों ने आशीष पांडे को वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, वह न्यायिक हिरासत में है।

## स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य साथी पार्टल से 500 से अधिक आरएमओ को किया निष्क्रिय

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वास्थ्य विभाग ने 500 से अधिक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को स्वास्थ्य साथी पोर्टल से निष्क्रिय कर दिया है। कथित तौर पर आरजी कर मामले क लिए किए गए हड़ताल के दौरान सरकारी सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने जमकर प्राइवेट में काम करके कमाई की है। बताया जा रहा है कि उन्होंने स्वास्थ्य साथी योजना से लगभग 54 करोड़ रुपये कमाए है। कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक एमडी या एमएस पास करने के बाद डॉक्टरों को तीन साल तक सरकारी अस्पतालों में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के तौर पर काम करना होता है। इस दौरान वे निजी अस्पतालों या नर्सिंग होम में प्रैक्टिस नहीं कर सकते। लेकिन सरकारी अस्पताल में हड़ताल पर रहने के दौरान 500 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों की पहचान की गई है, जिन पर निजी प्रैक्टिस करने का आरोप है। स्वास्थ्य विभाग ने दिशानिर्देश जारी कर रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ), सीनियर रेजिडेंट (एसआर) डॉक्टरों की जानकारी मांगी है। गाइडलाइन में आरएमओ और एसआर डॉक्टरों का नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर, फोन नंबर, आधार और पैन कार्ड नंबर मांगा गया है। स्वास्थ्य भवन ने उनके उच्च शिक्षा संबंधी दस्तावेज भी मांगे हैं। दिशानिर्देशों की प्रतियां हेल्थ मेट योजना के वित्त अधिकारी को भी भेजी गई हैं। इसके बाद, स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को 500 से अधिक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को स्वास्थ्य साथी पोर्टल से निष्क्रिय कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, निजी प्रैक्टिस करने वाले सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्वास्थ्य साथी योजना से करीब 54 करोड़ रुपये की कमाई की है। इन डॉक्टरों ने निजी अस्पतालों में सर्जरी और अन्य उपचार की लागत के लिए सरकारी स्वास्थ्य बीमा स्वास्थ्य भागीदार से 54 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें से अकेले पूर्व बर्दवान जिले में वरिष्ठ निवासियों ने 19 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

## गंगा ने नीमतला घाट के एक हिस्से को 'निगला', बागबाजार को लेकर बढ़ी चिंता

चन्दन राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता शहर भी इस बार गंगा नदी की चपेट में आ रहा है। गंगा के कटाव से नीमतला घाट का एक हिस्सा डूब गया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसके बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, नीमतला घाट का एक हिस्सा शुक्रवार की रात गंगा में बह गया था। इससे नीमतला-बागबाजार समेत कई इलाकों के गंगा में डूबने की आशंका बढ़ गई। इतना ही नहीं, नीमतला घाट पर रविठाकुर के समाधि स्थल के आसपास भी चिंता बढ़ रही है। वह भी अब खतरे की सीमा के अंदर है। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम का दावा है कि



गंगा की धाराएं कलकत्ता की ओर आ रही हैं और तटों को थपथपा रही हैं। इससे तट कटाव का खतरा बढ़ता जा रहा है।

मंत्री फिरहाद ने आगे कहा कि, यह चिंता का विषय है। क्योंकि कोलकाता का एक हिस्सा टूटने की कगार पर है। वह जगह पोर्ट ट्रस्ट के अधीन है। उनके पास एक अलग विभाग भी है जो इन सभी गंगा गबन के मुद्दों को देखता है। मैंने उनसे बात की है। इसे रोकने के तरीके जानने के लिए तुरंत विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाएगा।

## राज्य ने किसानों से चावल खरीदना किया शुरू, कुल 70 लाख टन धान संग्रहण का है लक्ष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** खरीफ सीजन के दौरान किसानों से रियायती मूल्य पर धान का संग्रह शनिवार से शुरू हो रहा है। सभी जिलों में केंद्रीय खरीद केंद्र खोले गए हैं। खाद्य विभाग ने इस बार 70 लाख टन धान संग्रहण का लक्ष्य रखा है। सरकारी पहल के तहत खरीदे गए चावल पर खाद्य विभाग ने विशेष निगरानी शुरू कर दी है। सरकारी पहल के तहत धान खरीद की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। धान एवं चावल उत्पादन के लिए विभिन्न जिलों में खाद्य विभाग से पंजीकृत चावल मिलें हैं। सूत्रों के मुताबिक उन चावल मिलों पर खाद्य विभाग की विशेष निगरानी टीम भेजी जाएगी। जिन चावल मिलों ने बड़ी मात्रा में धान लिया है, उन पर अधिक निगरानी रखी जा रही है। गणना के अनुसार धान का स्टॉक है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। स्थायी क्रय केंद्रों एवं अस्थायी शिविरों से धान सीधे संबंधित चावल मिलों को भेजा जाता है। किसी राइस मिल को कितना चावल भेजा गया है और कितना चावल दिया जा रहा है, इसकी सूची खाद्य विभाग के पास रहती है। टीम स्टॉक की मात्रा की समीक्षा कर रही है कि मिलों ने कितना चावल लिया है और सरकार को कितना चावल दिया है। स्थायी क्रय केंद्र के अलावा मोबाइल केंद्रों के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में वाहन भेजकर धान एकत्र कराया जायेगा। खाद्य विभाग ने कहा कि इसके अलावा, खाद्य विभाग अस्थायी शिविर खोलेगा और ग्रामीण कृषि सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किसानों से धान खरीदेगा। खरीफ सीजन में किसानों से धान की खरीद नवंबर से शुरू होता है, लेकिन दिसंबर से खरीद प्रक्रिया में तेजी आती है।

## बैरकपुर में पत्नी की हत्या कर पति ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर के सूर्यपुर इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर खुद आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान विमला कर्मकार के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति का नाम कमल कर्मकार बताया जा रहा है। मृतका की रिश्तेदार रंजना थापा ने आरोप लगाया है कि कमल पिछले कई वर्षों से अपनी पत्नी पर अत्याचार करता था। नशे में घर लौटने के बाद वह अक्सर विमला के साथ मारपीट करता था। रंजना ने बताया कि कमल अपनी पत्नी पर शक करता था और आए दिन धमकी देता था कि वह उसे मारकर खुद भी अपनी जान ले लेगा। शुक्रवार की रात कमल ने नशे में धुत होकर घर लौटते ही पत्नी विमला को एक कमरे में बुलाया। रंजना के अनुसार, हमने सोचा भी नहीं था कि वह ऐसा कदम उठाएगा। उसके कमरे में एक धारदार दा (कटारी) और शाबल था, जिनसे उसने विमला पर हमला कर दिया। उस समय उनका 22 वर्षीय बेटा दूसरे कमरे में सो रहा था। इस हमले में विमला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कमल ने भी जहर खा लिया। शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोग उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, तब रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आपने एक राक्षस पैदा किया, अब वह आपको काट रहा है : शुभेंदु अधिकारी

### तृणमूल विधायकों पर हमले की घटना को लेकर भाजपा नेता ने ममता को घेरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों पर हमले की घटना को लेकर शनिवार को तृणमूल सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरते हुए जोरदार हमला बोला। एक्स पर पोस्ट के जरिए निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि आपने एक राक्षस पैदा किया, अब वह आपको काट रहा है। बता दें कि गुरुवार को बंगाल में तृणमूल के दो विधायकों पर हमले का मामला सामने आया। एक तरफ जहां उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखां की तृणमूल विधायक उषारानी मंडल व उनके समर्थकों पर हमले की घटना घटी, वहीं दूसरी तरफ उसी जिले के संदेशखाली के टीएमसी विधायक सुकुमार महतो की गाड़ी पर भी हमला किया गया। दोनों ही घटनाओं में आरोप टीएमसी नेताओं व उनके समर्थकों पर लगा है। इस दिन, शुभेंदु ने लंबे पोस्ट में लिखा कि ममता बनर्जी शासन ने वोट बैंक केंद्रित राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए लोगों के एक वर्ग को खुली छूट दे दी है। वे लोग टीएमसी को पूरा चुनावी समर्थन देते हैं और बदले में वे बहुसंख्यक समुदाय को अपनी मर्जी से निशाना बनाकर बेखौफ हो जाते हैं। वे मूर्तियों को तोड़ते हैं, सनातनियों के धार्मिक आयोजनों में हंगामा करते हैं, अनुष्ठानों को बाधित करते हैं, धार्मिक जुलूसों पर हिंसक हमला करते हैं। पुलिस और प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है क्योंकि ये तत्व सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी से जुड़े हैं और इन्हें विपक्ष के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, खासकर चुनाव के समय। लेकिन जैसा कि वे कहते हैं, जो करना है, वही करना है। अब चीजें नियंत्रण से बाहर होने लगी हैं। इन दंगाई तत्वों ने टीएमसी के हिंदू विधायकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि दो अलग-अलग घटनाओं में, गुरुवार रात को दो टीएमसी विधायकों को उनके उग्र पार्टी सहयोगियों ने ही निशाना बनाया।

## तृणमूल विधायक के खिलाफ लगा 'लापता' का पोस्टर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बसीरहाट उत्तर के तृणमूल विधायक रफीकुल इस्लाम के खिलाफ उनके क्षेत्र में विवादास्पद पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उन्हें लापता बताया गया है। पोस्टर में दावा किया गया है कि विधायक विधानसभा चुनाव के बाद से अपने क्षेत्र में नहीं दिखे हैं। इस पोस्टर के नीचे तृणमूल कांग्रेस सम्मान रक्षा कमिटी का नाम अंकित है, जबकि तृणमूल में ऐसी कोई संगठनात्मक इकाई नहीं है। पोस्टर में दिए गए फोन नंबर का भी अस्तित्व नहीं है, जिससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि इसे किसने लगाया है। शनिवार की सुबह मुरारिशा के विभिन्न स्थानों पर, जो विधायक का आवासीय क्षेत्र है, रफीकुल इस्लाम की तस्वीरें और उनके बारे में जानकारी देने के अनुरोध वाले पोस्टर देखे गए।



पोस्टरों में लिखा गया है कि पहले विधायक लाल पोशाक में आते थे और अब हरे रंग की पोशाक पहनते हैं। पोस्टर में यह भी लिखा गया है कि विधायक की अनुपस्थिति के बारे में उनके परिवार के सदस्य भी कोई जानकारी नहीं दे पाए हैं। उल्लेखनीय है कि रफीकुल इस्लाम पहले सीपीएम के विधायक रह चुके हैं और उन्होंने 2016 में सीपीएम के टिकट से चुनाव जीता था। 2021 में, उन्होंने तृणमूल का दामन थामा और विधायक बने। इस दल-बदल की चर्चा भी पोस्टर में की गई है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान रफीकुल पार्टी के कुछ प्रचार अभियानों में देखे गए थे, लेकिन क्षेत्र के कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति नहीं देखी गई।

इस बारे में, विधायक रफीकुल इस्लाम ने कहा कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस सम्मान रक्षा कमिटी के नाम से किसी संगठन का ज्ञान नहीं है। उन्होंने पोस्टर लगाने वालों की ओर इशारा करते हुए कहा, ये लोग कौन हैं और किस दल से हैं, मुझे नहीं पता। मैं एक स्वच्छ छवि वाला विधायक हूं, जिसे जनता ने दो बार जिताया है। यह पोस्टर विवाद कुछ लोगों की साजिश मात्र है, और जनता को मुझ पर विश्वास है। हसनाबाद ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष इस्कंदर गाजी ने इस विवाद में सीपीएम का हाथ बताया। दूसरी ओर, सीपीएम नेता और हसनाबाद पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष सुबिद अली गाजी ने इसे तृणमूल का आंतरिक विवाद बताया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**सिगनल एवं दूर संचार विभाग**

**निविदा सूचना – दिनांक 29.10.2024**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.म.सं. एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों **Tender No.KOTA/SNT/SIG/2024/12** के लिये निर्धारित ई–निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2024/12, **कार्य का नामः** कोटा डिविजनः ओगमेंन्टेशन ऑफ रिलाइबिलीटी इम्प्रूवमेंट मेर्जस ऐट सिगनलिंग एंड टेलीकॉम ईस्टॉलेशन्स।, **कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 3,90,86,671.79, **बयाना राशिः** रू.3,45,400.00, **तारीख एवं समयः** दिनांक 27.11.2024 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in/. पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्राप्त होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिए।

**वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी.(समन्वय), पमरे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## गरफा में लिव-इन पार्टनर के फ्लैट में मिली युवती की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के गरफा इलाके में एक युवती की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। लिव-इन पार्टनर के फ्लैट से मधुरिमा राय (36) नामक युवती का शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि काली पूजा की रात मधुरिमा अपने साथी विकास दत्ता के फ्लैट पर एक पार्टी में शामिल थीं। रात भर पार्टी चलती रही और दूसरे दिन सुबह से मधुरिमा की तबियत बिगड़ने लगी, जिसके बाद फ्लैट में ही उसकी मौत हो गई। मौत का कारण अब भी स्पष्ट नहीं है, जिससे इस घटना को लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। विकास दत्ता ने दावा किया है कि सुबह वह अपनी कैंसर पीड़ित मां को अस्पताल लेकर गए थे, और वापस




लौटने पर उन्होंने मधुरिमा को बेसुध हालत में पाया। विकास की मां उसी फ्लैट के पास एक अन्य फ्लैट में रहती हैं। उनका कहना है कि वापस आने पर उनके बेटे ने मधुरिमा को ठीक से सुला दिया और चादर ओढ़ा दी, यह सोचकर कि वह सो रही हैं। हालांकि, जब बाद में उन्होंने मधुरिमा को जगाने की कोशिश की, तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। विकास के अनुसार, उस समय पड़ोसियों में से कोई भी मदद के लिए सामने नहीं आया, जिससे वह काफी परेशान हुए। पुलिस ने मधुरिमा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। इस घटना को लेकर स्थानीय निवासियों ने भी सवाल उठाए हैं। एक पड़ोसी ने बताया कि काली पूजा की रात विकास और मधुरिमा के साथ कुछ अन्य लोग भी पार्टी में मौजूद थे, और उन्होंने काफी मात्रा में शराब का सेवन किया था। फ्लैट के बाहर अब भी कई शराब की बोतलें और सिगरेट के पैकेट बिखरे हुए पड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, मधुरिमा और विकास करीब दो साल से रिश्ते में थे।

### बिधाननगर में डेंगू से वृद्धा की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मानसून का मौसम खत्म हो गया। लेकिन, इस बीच, महानगर में डेंगू से एक वृद्धा की मौत की खबर सामने आई है। मृतका की पहचान शिवानी दास (69) के रूप में की गई है। वह बिधाननगर नगर निगम के वार्ड चार के सरतपल्ली गोपालपुर नारायणपुर में रहती थी। मिली जानकारी के अनुसार, गत 31 अक्टूबर को उन्हें बुखार आने पर वीआईपी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार की सुबह करीब 10.12 बजे उनका निधन हो गया। वृद्धा की मौत का कारण डेंगू बताया गया है।

## हाईकोर्ट ने नौ साल से जेल में बंद व्यक्ति की आजीवन कारावास की सजा की रद्द

कोलकाता, समाज्ञा

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की आजीवन कारावास की सजा को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि वह अपने बड़े भाई की हत्या का दोषी नहीं है और नौ साल से अधिक समय तक हिरासत में रह चुका है। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की कड़ियां जोड़ने तथा अपराध को सभी उचित संदेहों से परे साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि न्यायालय की नजर में यह स्पष्ट है कि अपीलकर्ता रणदीप बनर्जी अपने बड़े भाई की हत्या का दोषी नहीं है, जिसे कुछ 'न्यूरोलॉजिकल' समस्याएं थीं। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा उसकी दोषसिद्धि को रद्द करते हुए उसे रिहा करने का आदेश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति उदय कुमार भी शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि अलीपुर की एक अतिरिक्त सत्र अदालत के न्यायाधीश ने सुदीप बनर्जी नामक व्यक्ति की मौत के सिलसिले में 24 अप्रैल, 2015 को गरियाहाट थाने में दर्ज हत्या के मामले में 25 मई, 2017 को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत रणदीप को दोषी ठहराया था। अपीलकर्ता के वकील सोहम बनर्जी ने कहा कि उसे 24 अप्रैल, 2015 को गिरफ्तार किया गया था और तब से वह हिरासत में है।

सुदीप पत्नी और बेटे से अलग होने के बाद 2009 से रणदीप के साथ बल्लीगंज गार्डन में एक घर में रहते थे। अदालत को बताया गया कि रणदीप अविवाहित और बेरोजगार था। पीठ ने पिछले महीने सुनाए गए फैसले में कहा था कि दोषसिद्धि केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर की गई थी। न्यायालय ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य दोषसिद्धि के लिए पर्याप्त हैं, लेकिन यह तभी संभव है, जब इसमें वे सभी कड़ी शामिल हों, जो आरोपी को घटना से जोड़ती हों।


**मैत्री एक्सप्रेस निरस्त रहेगी**

बांग्लादेश रेलवे से प्राप्त संदेश के अनुसार, 13107 **ढाका–कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 03.11.2024) और 13108 **कोलकाता–ढाका मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 04.11.2024) **निरस्त** रहेंगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए गहन खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## पक्के मकान होने के बावजूद आवास योजना की सूची में आया नाम, मचा हंगामा

कोलकाता, समाज्ञा

आवास योजना सर्वेक्षण को लेकर जिले-जिले में अशांति की खबरें सामने आ रही हैं। शनिवार को आवास योजना को लेकर रायदिघी में निर्दलीय व तृणमूल कार्यकर्ताओं-समर्थकों के बीच मारपीट हो गयी। इस घटना में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के स्वतंत्र पंचायत सदस्यों ने शुक्रवार की रात कुमड़ो मोहल्ले के पुरकैत घेरी में आवास प्लस योजना के मकान पाने वालों की सूची लगा दी। जिसके बाद ही विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि सत्ताधारी पार्टी तृणमूल के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के पास पक्के मकान होने के बावजूद उनका नाम आवास प्लस सूची में है। इसके बाद मारपीट शुरू हो गयी।

खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। इस घटना में रायदिघी पुलिस ने निर्दलीय पंचायत सदस्य के एक समर्थक को गिरफ्तार किया है। इस घटना पर रायदीघी विधायक आलोक जलदाता ने कहा, ''विपक्ष जानबूझकर क्षेत्र में अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

वहीं, दूसरी ओर स्वतंत्र कार्यकर्ताओं का दावा है कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता और समर्थक प्रभाव में आकर आवास योजनाओं की सूची में नाम जोड़ रहे हैं।

## उपचुनाव : मेदिनीपुर सीट पर चतुष्कोणीय मुकाबले में तृणमूल की स्थिति मजबूत

**पश्चिम मेदिनिपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले की मेदिनीपुर विधानसभा सीट पर आगामी 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबले के आसार हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के पक्ष में तीन प्रमुख कारण काम कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त मिल रही है। मेदिनीपुर में तृणमूल कांग्रेस का मजबूत संगठनात्मक आधार है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस का संगठित प्रभुत्व देखने को मिलता है। दूसरा लाभ पिछले चुनावी रिकॉर्ड का है। मेदिनीपुर में 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है। तीसरा लाभ विपक्ष के मतों में बंटवारा है, क्योंकि कांग्रेस और सीपीआई(एम)-नीत वाम मोर्चा के बीच कोई गठबंधन नहीं है, जिससे उपचुनाव में चौतरफा मुकाबला बन गया है। इस बार, तृणमूल ने अपने स्थानीय संगठनात्मक चेहरे सुजॉय हाजरा को उम्मीदवार बनाया है। वे 2021 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले अपनी पार्टी की जीत के अंतर को 24 हजार से अधिक वोटों तक बढ़ाने का आत्मविश्वास रखते हैं। हाजरा के निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के शुभजीत रॉय, सीपीआई के मनी कुंतल खामरुई और कांग्रेस के श्यामल कुमार घोष हैं। प्रशासन को मतदान के दिन इस क्षेत्र में कुछ अप्रिय घटनाओं की आशंका है। उल्लेखनीय है कि 1982 से 2011 तक यह सीट वामपंथियों का पारंपरिक गढ़ रहा है, जहां लगातार छह बार वाम मोर्चा के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। हालांकि, 2011 में, सत्ता का समीकरण तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में बदल गया, जिसने पश्चिम बंगाल में 34 वर्षों के वामपंथी शासन का अंत और टीएमसी के शासन का आरंभ किया। तब से लेकर अब तक 2011, 2016 और 2021 में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने यहां लगातार जीत दर्ज की है।

TRINAMOOL


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- EDUCATION
- OBITUARY
- PROPERTY
- NAME CHANGE
- REMEMBRANCE
- RECRUITMENT
- PUBLIC NOTICE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# भाजपा विकास और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : शुभेंदु अधिकारी



**सिलीगुड़ी :** अलीपुद्वार जिले के अंतर्गत मदारीहाट के रवींद्र नगर विवेकानंद व्यवसायी क्लब ग्राउंड में मदारीहाट भाजपा उम्मीदवार राहुल लोहार के पक्ष में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करने में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के साथ सांसद राजू विष्ट, मनोज तिग्गा आदि शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने मदारीहाट और आसपास के क्षेत्रों की उपेक्षा की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकास की खाई को पाटने और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्राथमिकताओं में सुशासन, बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और चाय श्रमिकों के लिए कल्याण शामिल हैं। भाजपा सीमा पार से अवैध घुसपैठ को खत्म करेगी, हम भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएंगे और कट-मनी, भाई-भतीजावाद और राजनीतिक आतंकवाद से मुक्त ईमानदार शासन सुनिश्चित करेंगे। हम चाय श्रमिकों के लिए उचित वेतन और बोनस सुनिश्चित करेंगे और चार नए श्रम संहिताओं को लागू करेंगे। हम ईएसआईसी स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं स्थापित करेंगे। हम चाय बागानों के श्रमिकों और वन ग्राम निवासियों के लिए भूमि का स्वामित्व सुनिश्चित करेंगे। हम एक हिंदी गर्ल्स हाई स्कूल की स्थापना करेंगे और बीरपारा राज्य सामान्य अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करेंगे। एमजी रोड, बीरपारा में एक रोड ओवर ब्रिज का निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक होगा। हम मदारीहाट और हमारे क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्वरोजगार और ग्रामीण उद्यमिता और कौशल विकास के लिए कार्यक्रम शुरू करेंगे। रैली को संबोधित करते हुए, शुभेंदु अधिकारी ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और उत्तर बंगाल, विशेष रूप से चाय बागान श्रमिकों की उपेक्षा सहित टीएमसी सरकार के अपराधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह जारी रहा तो तबाही मचेगी और मतदाताओं से पश्चिम बंगाल के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया। भाजपा मदारीहाट के हर गांव में तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें पारदर्शिता और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मैं एक बार फिर मदारीहाट लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से भाजपा उम्मीदवार राहुल लोहार को वोट देने और पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने का अनुरोध करता हूं। हम सभी के लिए बेहतर भविष्य के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

## मालदह में प्रेमी जोड़े की लैंपपोस्ट में बांधकर पिटाई, बचाने गई पुलिस पर हमला

❑ **पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार**



**मालदह :** मालदह जिले में एक पंचायत सभा ने तालिबानी फरमान जारी करते हुए सरेआम प्रेमी जोड़े को लैंपपोस्ट में बांधकर पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने पर जब पुलिस उन्हें रोकने आई तो स्थानीय लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि आक्रोशित भीड़ ने थाने के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज (आईसी) की गाड़ी में तोड़फोड़ करने के साथ ही पुलिस पर ईंटें भी फेंकी। घटना में कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गये। पता चला है कि यह घटना मालदह जिले के कालियाचक थाना अंतर्गत जलालपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के शेरपुर गांव में घटी है। घटना बीते मंगलवार की रात की है। यह वीडियो इलाके में वायरल हो रहा है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ग्रामीणों के एक समूह ने आम के बगीचे में एक प्रेमी जोड़े को देखा और उन पर विवाहेतर संबंधों का आरोप लगाते हुए उन्हें पकड़कर बाहर सड़क पर ले आए और उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद, प्रेमी जोड़े को सजा के तौर पर बिजली के खंभों से बांधकर कथित तौर पर क्रूरतापूर्वक पिटाई की गई। खबर मिलते ही कालियाचक थाने की पुलिस जलालपुर के शेरपुर गांव पहुंची। उत्तेजित भीड़ ने पुलिस को प्रेमी जोड़े को बचाने से रोक दिया। इसके साथ ही भीड़ और पुलिस में नोकझोंक होने लगी। आरोप है कि अचानक कुछ गांववालों ने पुलिस कर्मियों को पीटना शुरू कर दिया। यहां तककि आईसी की कार में भी तोड़फोड़ की गई। आरोप है कि पुलिस कर्मियों पर डंडों और पत्थरों से हमला किया गया। तभी, कालियाचक थाने के आईसी सुमन रॉय चौधरी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन आक्रोशित निवासियों ने आईसी की कार में भी तोड़फोड़ की। ईंट व लाठियों से कई पुलिस कर्मी घायल हो गये। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज कर स्थिति संभाली और प्रेमी जोड़े को बचाया और पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इस घटना में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

## आठ करोड़ का प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त, एक गिरफ्तार

❑ **झारखंड से असम ले जा रहे थे तस्कर**



**सिलीगुड़ी :** राज्य पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की सिलीगुड़ी यूनिट ने अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पश्चिम बंगाल के रास्ते झारखंड से असम ले जाये जा रहे करोड़ों का ड्रग्स जब्त किया है। एसटीएफ के अधिकारियों ने सिलीगुड़ी के विधाननगर इलाके में अभियान चलाकर एक ट्रक को जांच के लिए रोका, जिसमें से करीब आठ करोड़ रुपये मूल्य के प्रतिबंधित कप सिरप की बोतलें जब्त की गयीं। मामले में अबू ताहेर (36) नामक एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के अंतरराज्यीय ड्रग्स रैकेट गिरोह का महत्वपूर्ण सदस्य माना जा रहा है, जो असम के चिरांग इलाके का निवासी है। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि मुखबिरों से सूचना मिली थी कि झारखंड से ड्रग्स की बड़ी खेप बंगाल से असम भेजी जाने वाली है। सूचना मिलते ही उत्तर बंगाल के अलग-अलग जगहों पर अभियान शुरू किया गया। गुरुवार की देर रात एसटीएफ की सिलीगुड़ी यूनिट ने सिलीगुड़ी के फांसीदेवा थाना क्षेत्र के विधाननगर इलाके में मुरुलीगाछ फॉरेस्ट चेकपोस्ट के पास एक ट्रक को जांच के लिए रोका। ट्रक में भारी मात्रा में मार्बल पाउडर (वॉल पुट्टी) में छिपाकर रखी गयी प्रतिबंधित कफ सिरप (इएसकेयूएफ) की 54 हजार से ज्यादा बोतलें बरामद की गयीं। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में फांसीदेवा पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसटीएफ के अधिकारी गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने में जुटे हैं।

## फालाकाटा में नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी को भीड़ ने पीटकर मार डाला

❑ **एक आरोपित ने किया आत्मसमर्पण**

❑ **न्याय की मांग पर इलाके में प्रदर्शन, बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात**

**अलीपुरद्वार :** छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का सनसनीखेज मामला फालाकाटा ब्लॉक के धनीरामपुर-2 ग्राम पंचायत इलाके से सामने आया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार शोक में डूबा हुआ है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, छह साल की बच्ची शुक्रवार को घर से लापता हो गई थी। जिसके बाद परिवार के लोगों ने बच्ची की खोजबीन शुरू की। बच्ची की तलाश के दौरान उसकी दादी ने पड़ोस के एक युवक मोना रॉय को कीचड़ में खून से सने हाथ धोते हुए देखा। संदेह होने पर परिवार के सदस्यों ने युवक के घर की तलाशी ली। इस दौरान, युवक के घर से बच्ची का खून से सना कपड़ा मिला। बाद में, परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ लिया। युवक से पूछताछ में उसने बच्ची से दुष्कर्म और हत्या की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि सबूत मिटाने के लिए बच्ची के शव को तालाब में फेंक दिया है। घटना सामने आते ही आक्रोशित लोगों ने युवक की जमकर पिटाई शुरू कर दी। वहीं, उसके घर में तोड़फोड़ भी की गई। सुचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित युवक को उत्तेजित भीड़ से छुड़ा कर फालाकाटा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इस बीच, स्थानीय लोगों ने तालाब से बच्ची के शव को भी बरामद कर लिया। बाद में, पुलिस ने बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अलीपुरद्वार अस्पताल भेजा। इस बीच, अलीपुरद्वार के फालाकाटा में घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने एक दूसरे युवक को गिरफ्तार किया है। उधर, इलाके में भारी तनाव है। शनिवार की सुबह से ही इलाके के लोग गुस्से में है और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीण पूरे गांव में घूम-घूम कर नारे लगा रहे हैं और आरोपियों को फांसी देने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण इथोलबाड़ी से फालाकाटा जाने वाली मुख्य सड़क को भी अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। टायर जला कर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। घटना के बाद शनिवार को फालाकाटा के विधायक दीपक बर्मन पीड़ित के परिवार से मुलाकात करने उसके घर पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद और न्याय का आश्वाशन दिया। इलाके में तनाव के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रखा गया है।

### फालाकाटा के बाद कुमारग्राम में नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अलीपुरद्वार : उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में नौ वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत शुक्रवार की दोपहर कुमारग्राम थाना इलाके में जब बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी, तभी आरोपी ने उसे चॉकलेट का लालच दिया और जंगल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी ने उसे धमकी भी दी कि यदि उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने बताया कि जब लड़की काफी देर तक नहीं दिखी तो उसके परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची को ढूंढ़ने के बाद वे उसे घर ले गए और पाया कि उसके गुप्तांग से खून बह रहा था। फिर, बच्ची ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। पीड़ित परिजन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक वाई. रघुवंशी ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की।**

## कितने विद्यार्थियों को टैब खरीदने के मिले पैसे, प्रधानाध्यापकों को सूची भेजने का निर्देश

### पांच नवंबर से पहले सूची नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने हाल ही में 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए टैब खरीदने के लिए पैसे भेजे हैं। लेकिन, अभी तक कई स्कूलों ने यह सूची नहीं दी है कि कितने छात्रों को टैब खरीदने के लिए पैसे मिले हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग ने प्रधानाध्यापकों को अगले कुछ दिनों के अंदर तत्काल सूची जमा करने का आदेश दिया है। सूची जमा नहीं करने पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, यह जानकारी स्कूल इंस्पेक्टर को सौंपनी होगी। पता चला कि पूजा की छुट्टियों के बाद स्कूल पांच नवंबर को खुल रहा है। उससे पहले यह जानकारी देने को कहा गया है। ऐसे में संबंधित स्कूलों में ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है? उनमें से कितनों को टैब मनी प्राप्त हुई? कितनों को नहीं मिला? बांग्ला शिक्षा पोर्टल कितने लोगों को नाम उठाने में समस्या है? वह सारी जानकारी विद्यालय निरीक्षक को देने को कहा गया है। और यदि इस अवधि में सूचना नहीं दी गयी तो अवकाश के बाद उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तलब किया जा सकता है।

## प्रमोटर की हत्या की कोशिश, पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा में प्रमोटर को गोली मारकर और चाकू मारकर हत्या करने की कोशिश के आरोप में मुख्य आरोपी मोहम्मद जोक उर्फ आशु को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बैराकपुर में छिपा हुआ था। लेकिन पैसे की जरूरत पड़ने पर वह अपनी परिचित से मिलने आया, इस दौरान पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। यह घटना नारकेलडांगा के कैसर स्ट्रीट पर हुई। मिली जानकारी के अनुसार, कोलूटला के मो. जॉक से पैसे के लेन-देन को लेकर अब्दुल आबिद उर्फ इमरान नाम के प्रमोटर से विवाद हुआ था।

कथित तौर पर जॉक इमरान से पैसे मांग रहा था, लेकिन इमरान पैसे देने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद, जोक ने उसका अपहरण कर लिया और पैसे इकट्ठा करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि वह अपने साथियों के साथ कैसर स्ट्रीट स्थित इमरान के दोस्त के ऑफिस आया था। इस दौरान बदमाशों ने प्रमोटर की हत्या की कोशिश की। गोली अब्दुल आबिद उर्फ इमरान की उंगली को छूकर निकल गई। इस घटना के बाद जॉक भाग गया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## नाबालिग से 'छेड़छाड़' करने के आरोप में पुजारी गिरफ्तार



**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान के गुस्करा में एक कालीमंदिर में आठ वर्षों से पूजा करने वाले पुजारी को एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम बिमल कुमार रॉय (60) हैं। वह भतार के रायरामचंद्रपुर गांव का रहने वाला है। पुजारी होने के अलावा बिमल रॉय को तबला वादक के रूप में भी जाना जाता है। गुस्करा शहर निवासी एक व्यवसायी के घर पर पारिवारिक काली पूजा का आयोजन किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार, बिमल कुमार रॉय पिछले आठ वर्षों से उसी घर में पूजा करते आ रहा है। नाबालिग के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार बिमल रॉय गुरुवार की रात पूजा के बाद घर चले गये थे। शुक्रवार की सुबह फिर से पूजा करने के लिए पहुंचे। आरोप है कि कपड़े बदलने के दौरान घर में मौजूद नाबालिग को केक खिलाने के बदले में बुलाया और उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना का पता चलते ही इलाके में हंगामा मच गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने आरोपी पंडित को गिरफ्तार कर लिया। गुस्करा पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस मामले की जांच जारी है।

## मुर्शिदाबाद में सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत, दो घायल




**मुर्शिदाबाद :** जिले के समसेरगंज में एक बाइक तेल टैंकर लॉरी से पीछे से टकरा गई, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में दो अन्य घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार की दोपहर मुर्शिदाबाद के समसेरगंज थाना अंतर्गत जयकृष्णपुर हाई स्कूल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत बच्चे का नाम रिक मंडल है। जबकि, घायल महिला का नाम अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन गंभीर रूप से घायल बाइक सवार का नाम जितेन मंडल बताया जा रहा है। वह मालदह जिले के वैष्णवनगर थाना अंतर्गत पारदेओनापुर इलाके का निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस दिन, दोपहर में तेल टैंकर लॉरी बहरामपुर से मालदह की ओर जा रही थी। उसी सड़क पर बाइक सवार जितेन मंडल जा रहा था। उसके साथ एक बच्चा और एक महिला भी थी, लेकिन रास्ते में जयकृष्णपुर हाई स्कूल से सटे इलाके में तेज गति से आगे बढ़ने के क्रम में बाइक अचानक पीछे से तेल टैंकर लॉरी से टकरा गयी। उस समय, वे पहिए के नीचे आ गए। खून बहने से रिक मंडल नाम के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। खबर पाकर समशेरगंज उपयातायात रक्षक पुलिस मौके पर पहुंची। हेलमेट पहने होने के कारण बाइक सवार आंशिक रूप से बच गया। हालांकि, घायलों को तुरंत बचा लिया गया और अनूपनगर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जंगीपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे से आसपास के इलाके में काफी शोर मच गया।

## मालदह में सिर विहीन शव बरामदगी मामले में 3 गिरफ्तार



**मालदह :** धड़ से अलग हुआ सिर। हाथ छाती के ऊपर मुड़ा हुआ था। और कटा हुआ सिर कुछ दूरी पर पड़ा हुआ था। मालदह में इस सनसनीखेज हत्याकांड के पीछे पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पुलिस हत्या का कारण तलाशने में जुटी है। उस वक्त परिजनों ने कहा था कि काली पूजा की रात उसकी बलि दी गयी है। लेकिन क्यों? पुलिस ने इस घटना का मकसद जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों में सौम्यजीत सरकार (22), फारूक (28), आशीष चौधरी (19) हैं। पुलिस ने अलग-अलग इलाकों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उधर, पुलिस को उस शख्स की पहचान पता चल गई जिसका सिर नेशनल हाईवे के किनारे से बरामद हुआ था। मृत व्यक्ति का नाम कृष्णपद रॉय है। दक्षिण दिनाजपुर जिले के बेलबाड़ी इलाके के अधिकारी पारा इलाके का निवासी था। मृतक के परिवार का दावा है कि व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर था। वह पिछले बुधवार से घर से लापता था। मीडिया में खबर देखने के बाद परिजन गाजोल थाने पहुंचे। परिजनों ने शव मंगाने के लिए थाने में लिखित आवेदन दिया है। हालांकि, परिजनों का दावा है कि यह हत्या का मामला है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की इस तरह से हत्या क्यों की गई। पुलिस के मुताबिक, पूरी जांच से पहले कुछ भी कहना संभव नहीं है।

## सलकिया किशोर संघ ने काली पूजा पर जरूरतमंदों में किया साड़ी वितरण



**हावड़ा, समाज्ञा :** सलकिया किशोर संघ द्वारा श्री श्री काली पूजा का आयोजन किया गया। संघ द्वारा आयोजित पूजा का यह 88वां वर्ष है। कार्यक्रम का आरंभ पूजा कमिटी के चेयरमैन उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी एवं संघ के सचिव सुनील शर्मा द्वारा जरूरतमंदों में साड़ी वितरण कर किया गया। पंडाल की साज सज्जा श्री केदार नाथ मंदिर के स्वरूप को लेकर की गई है। कार्यक्रम में दूसरे एवं तीसरे दिन भजन संध्या एवं नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। मुख्य आकर्षण श्री काली स्तुति एवं शिव तांडव का कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभापति पवन अग्रवाल एवं पूजा कमिटी व संस्था के सदस्य अर्जुन साव, संतोष प्रसाद, जितेंद्र साव, संजय बारी, श्याम जायसवाल आदि का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

### भागलपुर से आनंद विहार के लिए एक और स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा छठ पूजा के शुभ अवसर पर शनिवार को यात्रियों की सुविधा के लिए भागलपुर से आनंद विहार के लिए अनारक्षित कोच वाली एक और विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 04087 भागलपुर-आनंद विहार वन वे स्पेशल शनिवार को 15:00 बजे भागलपुर से चलेगी और अगले दिन 16:00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह ट्रेन सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, लक्खीसराय, हथिदह, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रुकते हुए चलेगी।

### पूर्व रेलवे ने अक्टूबर माह में महिला डिब्बे में यात्रा करने पर 1400 से अधिक पुरुष यात्रियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिलाओं की गरिमा बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि का विरोध करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। रेलवे महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करती है। नतीजतन, अकेले अक्टूबर महीने में आरपीएफ कर्मियों ने महिला डिब्बे में यात्रा करने के लिए 1400 से अधिक पुरुष यात्रियों की गिरफ्तारी के साथ 1200 से अधिक मामले दर्ज किए हैं। इनमें हावड़ा डिवीजन में 262 व्यक्ति, सियालदह डिवीजन में 574 व्यक्ति, मालदह डिवीजन में 176 व्यक्ति और आसनसोल डिवीजन में 392 पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि रेलवे अधिनियम की धारा 162 के तहत महिला यात्रियों के लिए आरक्षित स्थान पर कब्जा करके महिला डिब्बों में पुरुष यात्रियों द्वारा यात्रा करना दंडनीय अपराध है। पुरुष यात्रियों के लिए पर्याप्त जगह वाले वैकल्पिक डिब्बे या ट्रेनें उपलब्ध हैं। महिलाओं की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और सभी से इस दिशा में कार्य करने की अपेक्षा की जाती है।

## हावड़ा और सियालदह स्टेशन पर छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह और हावड़ा स्टेशन पर छठ पूजा के महापर्व के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों द्वारा मनाए जाने वाले महत्वपूर्ण छठ पूजा के लिए हजारों की संख्या में लोग अपने घर जाते है। इन यात्रियों को की सुविधा के लिए सियालदह-बलिया एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 13105) जैसे लोकप्रिय मार्गों पर, यह कदम यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करते हैं। सियालदह के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को स्वयं यात्रियों से बातचीत की और यात्रा के दौरान सावधानी बरतने के संबंध में सलाह दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से भोजन का पैकेट, चाय या कोई जलपान न लें।

वहीं, हावड़ा जैसे बड़े स्टेशनों पर प्रतिदिन लगभग 10 लाख लोग आते हैं, अतिरिक्त भीड़ को प्रबंधित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। जिसे पूर्व रेलवे का हावड़ा डिवीजन सफलतापूर्वक कम कर रहा है। उत्तर भारत और बिहार/उत्तरप्रदेश जाने वाली कई लोकप्रिय ट्रेनें जैसे पूर्वा एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, बाघ एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस के साथ-साथ हावड़ा-रक्सौल, हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल जैसी त्योहार विशेष ट्रेनें हावड़ा स्टेशन से खुल रही हैं जो स्वाभाविक रूप से यात्रियों को आकर्षित करती हैं। आरपीफ द्वारा किए गए इन व्यवस्थाओं में खोजी कुत्ते से निगरानी रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध पदार्थ का पता लगाने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित खोजी कुत्तों को प्लेटफार्मों और प्रतीक्षा क्षेत्रों में तैनात किया गया है। मेटल डिटेक्टर स्क्रीनिंग के माध्यम से सभी यात्रियों और उनके सामान की गहन जांच सुनिश्चित की जा रही है। हावड़ा और सियालदह स्टेशन पर माइकिंग सिस्टम के जरिए जरूरी जानकारी यात्रियों तक पहुंचायी जा रही है। जिससे त्योहार की भीड़ को कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया जा सके। आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति, स्ट्रेचर और ऑक्सीजन सिलेंडर से सुसज्जित एक समर्पित प्राथमिक चिकित्सा स्टेशन स्टेशन पर चालू है। यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा कर्मी 24 घंटे उपलब्ध हैं। इसके अलावा, पीने के पानी के लिए प्लेटफार्मों के महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त पेयजल कियोस्क स्थापित किए गए हैं। वहीं, हावड़ा स्टेशन पर सभी अनारक्षित टिकट काउंटर चौबीसों घंटे संचालित किए जा रहे हैं। हावड़ा स्टेशन के पीआरएस कार्यालय पर अतिरिक्त 02 यूटीएस काउंटर भी संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा भी इन दोनों स्टेशनों पर सभी तरह की जरूरी व्यवस्था की गई है।

## मेट्रो रेलवे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सिट और ड्रा प्रतियोगिता का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे द्वारा शनिवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एक सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता आयोजित की गई। टॉलीगंज स्थित मेट्रो रेलवे ऑफिसर्स क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता की थीम राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति है। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले मेट्रो स्टाफ के बच्चों ने हिस्सा लिया। मेट्रो रेलवे 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मना रहा है। इस वर्ष सप्ताह का विषय राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति है। सप्ताह के दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### पांच नवंबर को नहाय खाय के साथ होगी छठ व्रत की शुरुआत

# छठ पर्व से पूर्व चेयरमैन ने लिया घाटों का जायजा



**हुगली :** आस्था के महापर्व छठ पर्व की शुरुआत 5 नवंबर से होगी। 8 नवंबर को भगवन भास्कर को अर्घ्य देकर लोकआस्था का महापर्व संपन्न हो जायेगा। दिवाली के बाद अब छठ पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल है। छठ पर्व के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री अब सड़कों पर दिखाई पड़ने लगी है। छठ गीत भी गुंजायमान होने लगे हैं। रिसड़ा में छठ पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है। रिसड़ा के 12 घाटों पर हजारों की तादात में छठ व्रतियों का समागम होता है। शनिवार को रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने पालिका पार्षद पार्थ सारथी गुप्ता, प्रकाश साह, प्रदीप राजभर के साथ वेलिंग्टन समेत सभी घाटों में साफ सफाई, मरम्मत, सुरक्षा मापदंडों का जायजा लिया। रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने बताया कि रिसड़ा की पहचान मिनी भारत के तौर पर होती है। यहां हिंदी भाषियों की भरमार है। बड़े पैमाने में रिसड़ा में छठ पर्व का पालन किया जाता है। इस वर्ष घाटों की मरम्मत, साफ सफाई कुछ घाटों को कंक्रीट में तब्दील करने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। सड़कों की मरम्मत का द्रुत गति से चल रहा है। सोमवार तक इसे भी पूरा कर लिया जायेगा। वेलिंग्टन घाट जहां बड़ी तादात में छठ व्रतियों का समागम होता है उसे कंक्रीट में तब्दील कर दिया गया है। घाटों पर बिजली चलित लाइट, सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। छठ व्रतियों की सुरक्षा के लिए घाटों को नेट से घेरा जा रहा है। सभी काम लगभग पूरा कर लिया गया है। सड़कों की, नालों की, अस्थाई जलाशयों की सफाई का काम भी तेज गति से चल रहा है। छठ पर्व के दौरान रिसड़ा घाटों पर स्वच्छता, साफ सफाई सुंदरीकरण का संगम देखने को मिलेगा।



नम आंखों से मां काली को किया गया विदा, गंगा घाट पर कई मूर्तियां विसर्जित

## विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव, हत्या की आशंका

### पुलिस हिरासत में आरोपी पति

**हुगली :** श्रीरामपुर थाना अंतर्गत श्रीरामपुर नगरपालिका के 29 नंबर वार्ड के चंबल गली में अमल दा के छापा कारखाना के नजदीक एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद के वाल्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत्तिका के परिवार के लोगों के आने के बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा। स्थानीय लोगों ने हत्या कि आशंका जताई है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि विगत 6 महीने पहले वशिष्ठ पासवान का विवाह बिहार की एक युवती गुड़िया के साथ हुआ था। विवाह के बाद से पारिवारिक कलह बढ़ते चली गई। अक्सर घर में कलह हुआ करती थी। आखिकार शनिवार को विवाहिता का फंदे से लटकता शव ससुराल से बरामद हुआ। मृतिका का नाम गुड़िया पासवान( श्यामली ) बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपों के आधार पर आरोपी वशिष्ठ पासवान को हिरासत में लिया है। मृतिका के परिजन बिहार में रहते हैं। उनके आने के बाद उनकी शिकायत पर पुलिस आगे की कार्रवाही में जुटेगी। आरोप है कि एक छोटे से कमरे में पति गहरी नींद में सोया था और पत्नी का शव फंदे से लटक रहा था। स्थानीय लोगों मांग की पुलिस निष्पक्षता से मामले की जांच करे। दोषी पाए जाने पर आरोपी पति को सख्त से सख्त सजा मिले।

## तृणमूल विधायक ने दुष्कर्म और हत्या की घटना के लिए बाहरी को ठहराया जिम्मेदार

**हुगली :** बलागढ़ विधानसभा से तृणमूल विधायक मनोरंजन बापारी ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बार-बार हो रही दुष्कर्म -हत्या की घटना के लिए कथित तौर पर बाहरी लोगों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये अपनी व्यथा जाहिर की। हिंसा की घटनाओं पर कहा कि यह बीमारी बाहरी लोगों के कारण हो रही है। लोगों और सरकार को बलात्कारियों के खिलाफ सतर्क रहने और प्रतिरोध बनाने की जरूरत है। राज्य के सत्तारूढ़ दल के विधायक मनोरंजन बापारी ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की



घटनाओं को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। तृणमूल विधायक ने अपने फेसबुक पोस्ट में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मैं इसे अब और सहन नहीं कर सकता। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं टीवी देखते समय पागल हो रहा हूं। अपना सिर सीधा रखना असंभव हो रहा है। हत्या के बाद हत्या, हत्या के बाद हत्या, बलात्कार के बाद बलात्कार, बलात्कार के बाद बलात्कार और इन बलात्कारों और हत्याओं में से अधिकांश नाबालिग है। विधायक ने कहा कि आंकड़ों के मुताबिक पूरे भारत में हर 16 मिनट में एक महिला, एक नाबालिग के साथ बलात्कार हो रहा है। बंगाल में ऐसा नहीं था लेकिन हाल के दिनों में एक के बाद एक कई घटनाएं घटीं। जहां बलात्कार और हत्याएं की जा रही हैं। ये दुष्ट हमारे बंगाल के नहीं। डॉक्टर के साथ हैवानियत और हत्याकांड का आरोपी संजय राय बाहरी व्यक्ति है। बंगाली बाहरी लोगों से संक्रमित हो रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सरकार और लोगों को इस भयानक घटना के प्रति जागरूक होने और इसे रोकने की जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पूरे भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। आज यह अत्याचार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में व्यापक रूप से चल रहा है। बंगाल में ये फिर से शुरू हो गए हैं। ऐसे मामलों में एक माह के अंदर सुनवाई के साथ कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए।

## देरी के कारण कैब किया रद्द, ड्राइवर ने महिला डॉक्टर को भेजा अश्लील वीडियो व धमकी भरा संदेश

### आरोपी कैब ड्राइवर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में ईएम बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल की जूनियर महिला डॉक्टर ने एक कैब ड्राइवर के खिलाफ अश्लील वीडियो भेजने और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। बताया गया है कि गत शुक्रवार की रात करीब 8 बजे डॉक्टर ने एक ऐप के जरिए एक कैब बुक की थी। पिकअप लोकेशन पर पहुंचने में देरी होने के कारण डॉक्टर ने कैब रद्द कर दी।इसके बाद, कैब ड्राइवर ने कथित तौर पर महिला डॉक्टर को धमकाने के साथ एक अश्लील वीडियो संदेश भेजा। ऐप कैब के ड्राइवर ने कथित तौर पर उसे कई बार फोन किया और अंत में उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। डॉक्टर ने इस घटना की शिकायत कोलकाता पुलिस कमिश्नर और साइबर सेल से ईमेल के माध्यम से की।शनिवार की दोपहर पीड़ित महिला डॉक्टर के दो सहयोगियों डॉ सुनंदन बसु और डब्ल्यूबीडीएफ (पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम) के डॉ तन्मय बनर्जी ने पूर्व जादवपुर पुलिस स्टेशन जाकर एफआईआर दर्ज कराई। इस मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (यौन उत्पीड़न), धारा 354 (महिला की मर्यादा भंग करने का प्रयास) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत के आधार पर आरोपी कैब ड्राइवर राजू दास (41) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## श्री भोमिया बाबा का दरबार आयोजित





हावड़ा, समाज्ञा

सम्मेत शिखरजी वाले बाबा का धनतेरस के दिन भक्ति में मधुबनी (झारखंड) से उपस्थित सुप्रसिद्ध गायक कलाकार आए थे।

हावड़ा मोदी परिवार के निवास स्थान पर मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रेश मेघाणी (रोमी भाई), दिलेश भिमानी, निमेष शाह, दीपक गाठाणी, दिलेश पटेल, मयूर भाई, पंकज जसवीर सेठ, हेमल दफ्तरी, परेश दफ्तरी एवं श्री जैन युवक समिति के सदस्य गायक कलाकार मधुबनी से एवं अन्य सभी सदस्य काफी उत्साह के साथ उपस्थित थे।

## नारद स्टिंग मामले में सीबीआई ने पत्रकार मैथ्यू सैमुअल से की पूछताछ

कोलकाता, समाज्ञा

नारद स्टिंग मामले में सीबीआई ने पत्रकार मैथ्यू सैमुअल से पूछताछ की है। सीबीआई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूछताछ हाल में हुई है। सीबीआई ने सैमुअल को पूछताछ के लिए कोलकाता बुलाया था। सैमुअल ने कोलकाता आने-जाने के लिए विमान का किराया व होटल में ठहरने की व्यवस्था करने की मांग की थी। उन्होंने आगे कहा था कि चूंकि, वे अब बेंगलुरु में रहते हैं इसलिए सीबीआई उनसे वहां पूछताछ कर सकती है। इसके बाद, कोलकाता से सीबीआई की टीम ने बेंगलुरु जाकर सैमुअल से पूछताछ की। उल्लेखनीय है कि सैमुअल ने ही नारद स्टिंग आपरेशन को अंजाम दिया था,



जिसमें बंगाल में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कई नेता, मंत्री, सांसद व एक उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारी वीडियो फुटेज में कथित तौर पर रिश्वत लेते दिखे थे। इनमें शुभेंदु अधिकारी भी शामिल थे, जो बाद में तृणमूल छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए और वर्तमान में पार्टी विधायक व बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। सैमुअल से सीबीआई पहले भी कई बार पूछताछ कर चुकी है।

## कालीघाट स्काईवॉक का निर्माण कार्य पूरा होने में अभी एक माह का लगेगा समय

### निर्माण कंपनी ने दी जानकारी, इस साल के भीतर उद्घाटन पर संशय बरकरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्धारित समयसीमा के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कालीघाट स्काईवॉक का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। इस पर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम तक बार-बार अपना गुस्सा जाहिर कर चुके हैं। हाल ही में, मेयर ने निर्माण कंपनी को यह काम पूरा करने को कहा था। पता चला है कि इस स्काईवॉक का निर्माण अंतिम चरण में है। निर्माण कंपनी के मुताबिक, काम पूरा होने में अभी एक माह का समय लगेगा।



हालांकि, कंपनी ने यह साफ तौर पर नहीं बताया कि इस साल के भीतर काम पूरा हो जाएगा या नहीं। निर्माण कंपनी के मुताबिक, फिलहाल काम जोरों पर किया जा रहा है। हालांकि, संकरा इलाका होने के कारण उन्हें हर चरण पर बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए काम में देर हो रही है। उल्लेखनीय है कि मेयर फिरहाद हकीम ने हाल ही में स्काईवॉक कार्य का दौरा किया था। इस दौरान, उन्होंने कहा था कि मुख्य कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन बाकी काम बाकी है। इन्हें पूरा करने में एक माह का समय लगेगा। इस कार्य के पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लंबे समय से प्रतीक्षित कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन करेंगी।

### सांकराइल में खाल में बाइक गिरने से एक की मौत, दो घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** सांकराइल थाना अंतर्गत हालीशहर इलाके में सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक का नाम दीपंकर रंग (27) है, जबकि घायलों के नाम अभिजीत घुघु (23) और मनीरूल शेख (26) बताया जा रहा है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि तीनों एक बाइक पर बैठकर काली पूजा घुमने गये थे। घर लौटने के दौरान शनिवार की सुबह करीब 4 बजे बाइक एक खाल में जाकर गिर गयी। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीपंकर को मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, बाइक सवार काफी तेज गति से गाड़ी चला रहे थे। अनियंत्रित होकर उनकी बाइक पलट गई और खाल में जा गिरी। आनन-फानन में पहुंचे स्थानीय लोगों ने सक्रियता दिखाते हुए इन्हें अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## शराब पीने से रोकने पर एक युवक की बुरी तरह कर दी पिटाई, घायल अस्पताल में भर्ती

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में शराब पीने का विरोध करने पर एक युवक को बुरी तरह पीट दिया गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए डालिम शेख फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक भगवान गोला काशियाडांगा इलाके का रहने वाला है। युवक घर से तालाब की ओर जा रही था। उस रास्ते में बैठकर कुछ युवक शराब पी रहे थे और जुआ खेल रहे थे। पीड़ित युवक ने इसका विरोध किया। विरोध करने पर, आरोप है कि नशे में धुत युवक ने उसे लोहे की रॉड से पीट दिया। आरोपी पीड़ित को लहूलुहान हालत में सड़क पर छोड़कर भाग



गए। बाद में, परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने पीड़ित को बचाया और स्थानीय अस्पताल ले गए। सिर में चोट गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना की अब तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### पत्नी के साथ घरेलू हिंसा के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के गोल्फग्रीन थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ घरेलू हिंसा के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जैसे ही कोलकाता पुलिस की टीम मौके पर पहुंची आरोपी ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना की शिकायत गोल्फग्रीन पुलिस स्टेशन में पहले ही दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को गोल्फग्रीन थाने की पुलिस को सूचना मिली कि इलाके के एक घर में एक महिला की पिटाई की जा रही है। पीड़िता ने ही पुलिस को फोन किया था। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सुमन सिन्हा ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस पर परेशान करने के आरोप में भी अलग से मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को दोनों आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि इस घटना के सामने आने के बाद से सनसनी मच गई है।

### ट्यूशन से लौटते समय एक नाबालिग से दुष्कर्म, मचा हंगामा



**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्यूशन से लौटते समय एक नाबालिग को पड़ोसी युवक ने उठा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद नाबालिग ने आत्महत्या करने की कोशिश की। इसके बाद, परिजनों ने गायघाटा थाने में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। घटना गायघाटा थाना क्षेत्र के शिमुलपुर इलाके की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम सुजीत पाल उर्फ बाबूसोना है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, आरोपी बाबूसोना करीब डेढ़ साल से उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म करता था। आरोप है कि शुक्रवार की शाम प्राइवेट ट्यूशन से लौटने के दौरान स्थानीय युवक बाबूसोना ने उनकी बेटी को जबरन उठा लिया और बुर्के से हाथ-पैर बांध कर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपी युवक शादीशुदा है। गायघाटा थाने की पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है।

## लक्ष्मीनारायण मन्दिर में अन्नकूट महोत्सव

**कोलकाता :** श्री अग्रसेन स्मृति भवन अंतर्गत श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर में अन्नकूट महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। संस्था के सचिव प्रभुदयाल केशान, संयुक्त - सचिव ओम प्रकाश रुईया, उप - सचिव सीताराम जालान, सुरेन्द्र चमड़िया ने बताया दीपावली के ज्योतिर्मय आलोक में श्रद्धालु भक्तों के जीवन में सुख - शान्ति की मंगलकामना के साथ मन्दिर के ट्रस्टी अरुण चूड़ीवाल, विश्वनाथ सेक्सरिया, ब्रह्मानंद अग्रवाल, ओमप्रकाश हरलालका, प्रभुदयाल अग्रवाल एवम् पदाधिकारियों ने सभी भक्तों को शुभकामना दी। मन्दिर में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने आस्था से पूजा - अर्चना की। किशन



केडिया, बालचन्द हरलालका, दीनदयाल धनानिया, राजीव अग्रवाल, जुगल पोद्दार, मालीराम अग्रवाल एवम कार्यकर्ता महोत्सव को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

## राशन में अनियमितता रोकने के लिए सख्त कार्रवाई

### स्टॉक में गड़बड़ी होने पर ही डीलरों पर लगेगा जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन डीलरों द्वारा अवैध रूप से राशन सामग्री खुले बाजार में बेचने के आरोप अक्सर सुनने को मिलते रहते हैं। इस बार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए और सख्त कदम उठाए हैं। अब से राशन दुकानों में सरकार द्वारा आवंटित चावल और गेहूं का हिसाब पूरा नहीं मिलने पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग डीलरों पर कार्रवाई किया जाएगा। इस मामले में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माने के साथ-साथ डीलरों का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। दरअसल, हाल ही में, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया है कि राशन दुकान में आवंटित अतिरिक्त



चावल और गेहूं की मात्रा से तीन गुना तक जुर्माना देना होगा। मूलतः राशन सामग्री की तस्करी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से ऐसे कदम उठाए गए हैं। कथित तौर पर, डीलरों ने सरकारी सब्सिडी वाले चावल, गेहूं, आटा को खुले बाजार में बेच देते है। इसे रोकने के लिए अब से डीलर द्वारा स्टॉक किये गये चावल, गेहूं व आटे की मात्रा की नियमित जांच की जायेगी।

## बीएसएफ ने गंभीर आपात स्थितियों में बचाई लोगों की जान

**❑ एक बेहोश युवा लड़के और सर्पदंश पीड़िता को तुरंत नादिया जिले के नजदीकी अस्पताल पहुंचाया**

**कोलकाता :** सीमावर्ती समुदायों की भलाई के लिए समर्पण का एक सराहनीय प्रदर्शन करते हुए, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत बीओपी शिकारपुर में तैनात 86 बटालियन के बीएसएफ कर्मियों ने दो जीवन रक्षक बचाव अभियान चलाए। बीएसएफ टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एक बेहोश युवा लड़के और एक महिला, जिसे जहरीले सांप ने काट लिया था, को निकाला और निकटतम अस्पताल पहुचाया और सुनिश्चित किया कि उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता मिले।

पहली घटना 01 नवंबर 2024 को शाम करीब 4:30 बजे हुई, जब शिकारपुर निवासी राजदीप बिस्वास अपने 17 वर्षीय बेटे रूपक बिस्वास के लिए तत्काल मदद मांगने के लिए



बीओपी शिकारपुर पहुंचे, जो बेहोश हो गया था। बिना देरी किए, बीएसएफ ने एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई और रूपक को नादिया के करीमपुर में सरकारी ग्रामीण अस्प-ताल पहुंचाया। रूपक को फिलहाल उचित चिकित्सा सुविधा मिल रही है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

उसी दिन सुबह एक अन्य घटना में शिकारपुर के ही रहने वाले तपन रॉय ने अपनी पत्नी रिया सरदार के लिए मदद मांगी, जिन्हें उनके घर पर सांप ने काट लिया था। एक बार फिर, बीएसएफ ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उन्हें करीमपुर के सरकारी ग्रामीण अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस भेजी। तत्काल चिकित्सा उपचार मिलने के बाद रिया की हालत अब स्थिर है।

बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी और जनसंपर्क अधिकारी एन.के. पांडे ने बीएसएफ कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, बीएसएफ न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित है, बल्कि सीमा पर रहने वाले समुदायों की सेवा के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमारे कर्मी अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं और चिकित्सा आपात स्थितियों में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

## श्री सिद्धिविनायक देवस्थानम में अन्नकूट महोत्सव

**कोलकाता :** श्री सिद्धिविनायक देवस्थानम में दीपावली पूजन, भाई दूज, अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर धनतेरस से प्रतिदिन अलौकिक, मनमोहक श्रृंगार का अवलोकन कर दर्शनार्थी श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। सुशील गोयनका ने बताया सनातन हिंदू धर्म में दीप-ावली प्रमुख पर्व है जिसे भारत में उत्साह के साथ मनाया जाता है, भगवान श्री गणेश - महालक्ष्मी देवी की पूजा की जाती है। भजनों की अमृत वर्षा से भक्तिमय वातावरण में सभी आनन्दित हैं। अन्नकूट उत्सव में श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। समाजसेवी राधेश्याम गोयनका, राधेश्याम अग्रवाल, उषा अग्रवाल, सरोज गोयनका,



सुशील गोयनका, राजकुमार गोयनका, बनवारीलाल चौधरी, सुभाष मुरारका, प्रदीप नैयर, देवकीनंदन गुप्ता, राजकुमार कटारुका एवम् कार्यकर्ता सक्रिय हैं। 3 नवम्बर को भैया दूज उत्सव मनाया जायेगा।

### डोमकल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में अधेड़ गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल में शनिवार को एक अधेड़ व्यक्ति को सात वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम नूरन्नवी मंडल (45) है। पीड़िता के माता-पिता की शिकायत के अनुसार, आरोपी व्यक्ति, जो परिवार का रिश्तेदार है, गुरुवार की रात नाबालिग को चॉकलेट का लालच देकर अपने कमरे में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, शुरुआत में लड़की मानसिक सदमे में थी और उसने अपने माता-पिता को कुछ भी नहीं बताया। हालांकि, समझाने के बाद आखिरकार उसने शुक्रवार की देर रात अपनी मां को सारी बातें बता दीं। माता-पिता ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सूर्य की उपासना का महापर्व है सूर्य षष्ठी



विवेक तिवारी (अमन)

सृष्टि की आदिशक्ति आराध्य सूर्य जीवन की जीवंतता का मूल आधार हैं। जन-सामान्य में यह आलोक आज भी विद्यमान है कि जन्म और जीवन का एक मात्र आधार सूर्य ही हैं।इसी कारण सनातन काल से ही सूर्य की उपासना की परंपरा अनवरत चलती आ रही है। सूर्य की उपासना उस अग्नि की उपासना है, जिसमें जाति, धर्म, संप्रदाय, देश, प्रदेश का सारा अभिमान जलकर राख हो जाता है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाने वाला लोक आस्था का पर्व सूर्य षष्ठी इसी अग्नि की उपासना है। जिसे हम डाला छठ के नाम से जानते हैं।

सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। कहा जाता है यह पर्व मैथिल, मगही और भोजपुरी भाषी लोकवृत की अनुपम संस्कृति है। वैदिक काल से चला आ रहा यह पर्व बिहार या पूर्वी भारत का ऐसा एक मात्र पर्व है जो वैदिक आर्य संस्कृति की एक छोटी सी झलक दिखाता है। वैदिक संस्कृति में मात्र यही एक लोक पर्व है जिसमें अस्ताचल गामी सूर्य की भी उपासना की जाती है। आज के वर्तमान समय में यह पर्व प्रवासी बिहारियों द्वारा भी बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। छठ पर्व का महत्व हमें मुस्लिम समुदाय में भी देखने को मिलता है। ज्यादातर मुस्लिम महिलाएं अपनी लंबे समय से चली आ रही इच्छा (मन्नत) की पूर्ति के लिए छठ का अनुष्ठान कर रही हैं जो इस पर्व की गहरी जड़ों को दर्शाता है।

इस पर्व को पूर्वी भारत का कुंभ पर्व कहा जाना शायद अतिशयोक्ति न होगी। इस वैदिक परंपरा को आज भी उसी श्रद्धा से जीवंत रखने का कार्य पूर्वी भारत के प्रांतों ने ही किया है। आज भी इस पर्व को लेकर जितना उत्साह यहां के लोगों में देखने को मिलता है यह उनकी आस्था का प्रतीक ही है।

छठ पर्व प्रकृति और पर्यावरण के अनुकूल मनाया जाने वाला त्योहार है। आज के समय में जब पर्यावरण का क्षरण और उसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चिंता का विषय है तब यह त्योहार अनेक प्रासंगिकताओं को अपने अंदर लिए हुए हमारे बीच आता है। यह त्योहार हमारी संस्कृति और परम्पराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ हमें प्रकृति, पर्यावरण एवं स्वच्छता से जोड़ने का महत्वपूर्ण जरिया है।

सूर्य उपासना का यह पर्व संतान प्राप्ति के लिए किया जाने वाला भी पर्व है। इस दिन सूर्यदेव के साथ माता षष्ठी की भी पूजा होती है। पुराणों के अनुसार षष्ठी देवी को बालकों की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। बच्चों का भरण-पोषण करना, रक्षा करना तथा उन्हें दीर्घायु बनाना माता षष्ठी का स्वाभाविक गुण है।



छठ महापर्व की शुरुआत को लेकर पुराणों में कई कथाएं प्रसिद्ध हैं। किसी का मानना है कि इसकी शुरुआत महाभारत में अंगराज कर्ण के द्वारा की गई थी। वह घंटो जल में खड़े होकर सूर्यदेव को जल दिया करते थे। किसी का मानना है कि इसकी शुरुआत कुंती और द्रौपदी ने पांडवों के लिए व्रत रख कर किया था। तो किसी ने माता सीता के द्वारा इसकी शुरुआत मानी है।

आस्था और विश्वास के इस पर्व में प्रकृति के देवता सूर्य को अर्घ्य देने का मुख्य उद्देश्य उनकी कृपा प्राप्त करने से होती है। इस पर्व में उनकी पूजा अर्चना दूध, घी, आदि के मिश्रण से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय की जाती है, ऐसा कर सूर्य देवता से स्वास्थ्य, समृद्धि और सुख-शांति की कामना की जाती है। यह प्रकृति और जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है।

मान्यता है कि हर व्रत से दुष्कर यह व्रत अपने आप में अनेक अलौकिक शक्तियों को अपने अंदर समाहित किए हुए है। नहाय-खाय से प्रारंभ होने वाले इस पर्व में व्रती महिलाएं व्रत के पहले दिन एक समय लौका-भात का सेवन करती हैं। व्रत के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है जिसमें व्रती खीर-पूड़ी का सेवन करने के पश्चात 36 घंटों के लिए निर्जला व्रत कर भगवान दीनानाथ की आराधना करती हैं।

लोक आस्था से जुड़े इस महापर्व की एक अद्भुत विशेषता यह है कि इसके पुरोहित और यजमान आप स्वयं ही होते हैं। न मंत्रोच्चारण, न किसी पंडित की आवश्यकता, समस्त लोक कल्याण की स्तुति छठ गीतों के माध्यम से ही इस पर्व में होती है। असल में यह पुरोहित के पतरा की नहीं, लोक के अँचरा (आंचल) का पर्व है।

इस पूजा की तैयारी घर की महिलाओं द्वारा सप्ताह पूर्व से ही शुरू कर दी जाती है। प्रसाद के रूप में सफाई से धोए गए गेहूं से बने ठेकुए तथा घी और गुड़ के साथ चावल के आंटे के मिश्रण से बनी ढूंढी (कचवनिया) छठी मईया को मुख्य रूप से प्रिय है। इसके अलावा नारियल, केले के घवद (घार), ईख तथा और भी फल-फूल के साथ लौंग, इलायची, सिन्दूर, रोली एवं अन्य पूजा की सामग्री को कच्चे बांस से बने सूप या डाली (दउरी) में नंगे पांव लेकर घाट जाने की मान्यता है।

छठ पूजा के दिन समस्त पूर्वी भारत के हर छोटे बड़े तालाबों, नदी के घाटों की साज-सज्जा देखने योग्य होती है। इस दिन पूर्वी भारत के राज्यों की हर गलियों में गूंजते व्रती के कंठ से निकले छठी मईया के 'कांच ही बांस के बहंगिया' जैसे लोक गीतों के स्वर लोक के कानों में रस की तरह उतरने के साथ-साथ मन में पवित्रता और मनुष्यता का भाव पैदा कर समस्त परिवेश को आह्लादित कर भक्तिमय बना देते हैं।

इस महापर्व की लोकप्रियता वर्तमान समय में संस्कृतियों की सीमा पार कर देश दुनिया के हर हिस्से में अपनी जगह बना रही है। आज के समय में छठ का पर्व समस्त विश्व में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वर्तमान समय में छठ की जो मान्यता और छठी मईया के प्रति लोगों का जो विश्वास बना है वह कहीं न कहीं हमें प्रेरित करता है कि हमें अपने प्राचीन भारतीय परम्परा, संस्कृति और प्रकृति से जुड़े रहने की आवश्यकता है।

# छठ पूजा के लिए बना लें जरूरी सामान की लिस्ट, ताकि त्योहार में किसी चीज की न पड़े कमी



त्योहारों के मौसम में दीपावली के दीप पर्व के बाद छठ पूजा की जाती है। छठ का महापर्व चार दिन का होता है, जिसकी शुरुआत इस बार 5 नवंबर से हो रही है और समापन 8 नवंबर को है। छठ पूजा को हिंदू धर्म में से सबसे बड़े और कठिन व्रत में से एक माना जाता है। परिवार की खुशहाली और संतान के सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं छठ पूजा करती हैं।

वैसे तो छठ पूजा बिहार और पुर्वांचल क्षेत्रों में विशेष तौर पर मनाया जाता है लेकिन अब पूरे भारत में लोग इस महापर्व को मनाते हैं। छठ पूजा की तैयारी पहले से शुरू हो जाती है। चार दिन के महापर्व छठ पूजा में कई सारी चीजों की जरूरत होती है। सबकुछ एकसाथ एकत्र कर लेना चाहिए ताकि त्योहार के समय किसी चीज की कमी न रह जाए। छठ पूजा की सामग्री या छठ पूजा के सामान की एक सूची बना लें। उसी सूची के आधार पर छठ पूजा की तैयारी करें।

छठ पूजा के सामान की लिस्ट

- नई साड़ी
- बांस की दो बड़ी-बड़ी टोकरियां
- दूध और जल के लिए एक गिलास
- एक लोटा और थाली, चम्मच
- 5 गन्ने पत्ते लगे हुए
- शकरकंदी और सुथनी
- पान और सुपारी
- हल्दी
- मूली और अदरक का हरा पौधा
- बड़ा वाला मीठा डाभ नींबू
- शरीफा
- केला
- नाशपाती
- शकरकंदी
- सिंघाड़ा
- पानी वाला नारियल
- मिठाई
- गुड़
- गेहूं
- चावल का आटा
- ठेकुआ
- चावल
- सिंदूर
- कलावा
- दीपक
- शहद
- धूप
- कुमकुम

# बच्चे को बनाना है संस्कारी तो पहले अपने व्यवहार में शामिल करें ये पांच चीजें



वो कहते हैं ना कि हर बच्चे का पहला स्कूल उसका घर ही होता है। बच्चा वही सीखता है, जो उसे घर में देखने को मिलता है। यही वजह है कि लोग अपने बच्चे के सामने काफी सोच-समझ के बोलते हैं। बच्चे के सामने कुछ काम करने से पहले भी कई बार सोचना पड़ता है। खासतौर पर बात करें बच्चे के माता-पिता की, तो हर बच्चा वो सब करता है, जो वो अपने माता-पिता को करते देखता है।

यही वजह है कि बड़े-बुजुर्ग ये सलाह देते हैं कि बच्चों के सामने माता-पिता को बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपका बच्चा अच्छी आदतें सीखे तो सबसे पहले अपने व्यवहार में कुछ चीजों को जरूर शामिल करें। जब आप अपने व्यवहार में कुछ अच्छी आदतों को शामिल कर लेंगे तो इससे आपका बच्चा भी वही आदतें सीखेगा और अच्छे संस्कारों के साथ ही बड़ा होगा।

### रहें दयालु

अपने बच्चे के सामने कभी किसी से हावी न हों। बच्चों के सामने दूसरों पर दयालू रहें, ताकि आपके बच्चे में भी ये आदत आ सके। उन्हें सिखाएं कि अगर किसी से कोई गलती भी हो गई है तो उसे माफ करें। माफ करने वाला हमेशा बड़ा होता है। अपने बच्चे को लोगों की मदद करना भी सिखाएं।

### शेयरिंग है जरूरी

अपने बच्चे के सामने परिवार के लोगों के साथ चीजों को शेयर करें, ताकि उन्हें भी शेयरिंग की आदत लगे। अगर आप ही ऐसा नहीं करेंगे, तो इससे उनके ऊपर भी खराब असर पड़ सकता है। ऐसे में अपने बच्चे को शेयरिंग जरूर सिखाएं, जिससे उन्हें स्कूल जाकर किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

### भावनाओं को करें नियंत्रित

बच्चे को उनकी भावनाओं पर नियंत्रिण करना सिखाएं। इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि उन्हें हर चीज पर कंट्रोल करना सिखाएं। बस आपको अपने बच्चे को ये एहसास दिलाना है कि भावनाओं को प्रकट करने के लिए सही जगह देखना बेहद जरूरी होता है।

### दूसरों की बात सुनें

बच्चे के सामने हमेशा दूसरों की बात अच्छे से सुनें, ताकि उसे भी ऐसा करने की आदत पड़े। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपका बच्चा सिर्फ अपनी कहेगा लेकिन सुनेगा किसी की नहीं। ये आदत काफी खराब होती है। इससे उसे जिद की आदत लग सकती है।

### दूसरों का आभार प्रकट करें

यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा हर किसी से अच्छे से पेश आए तो उसके सामने लोगों का आभार जरूर प्रकट करें। अगर किसी ने आपके साथ कुछ अच्छा किया है तो बिना कुछ सोचे बच्चे के सामने उसे धन्यवाद कहें। ताकि बच्चे को भी ये ध्यान रहे कि उसे भी ऐसा करना है।

# फूल सागर महल, बूंदी

## हमारी अंजानी धरोहर-49



डॉ. एस. के. सैनी

फूल सागर महल चौथ माता मंदिर की पहाड़ी पर जाते समय रास्ते में पड़ता है। यह महल बूंदी के राजाओं ने हाडा राजाओं ने ग्रीष्मकालीन प्रवास हेतु बनाया था।

फूल सागर झील दोनों और पहाड़ियों से घिरी है और बूंदी शहर से काफी ऊंचाई पर स्थित है। फूल सागर झील का निर्माण बूंदी के राव राजा भोज सिंह (1585-1608) की पत्नी फूल लता ने 17 वीं शताब्दी के आरम्भ मे करवाया था। यह एक कृत्रिम झील है जिसमें वर्षा का पानी एकत्र हो जाता है और और साथ ही इसमें खिल जाते हैं कमल। यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। खास तौर पर प्रातः कालीन सूर्य की किरणें जब पानी की सतह पर गिरती हुई महल को रोशन कर देती हैं।कमल के फूल संपूर्ण खिल जाते हैं लाल और गुलाबी रंग के यह फूल झील की शोभा मे चार चांद लगा देते हैं।

बूंदी के राव राजा बहादुर सिंह ने 1945 में फूल सागर झील के किनारे फूल सागर पैलेस का निर्माण कराया। यह बेहद खूबसूरत राजपूती शैली का महल है। पूरे शहर और कोटा से यहां का तापमान 5 डिग्री सेंटीग्रेड कम रहता है। अभी भी यह राज परिवार के सदस्यों के ग्रीष्मकालीन आवाजाही का केंद्र है। यह एक निजी राज परिवार की धरोहर है। यहां पर प्रवेश हेतु राज परिवार के सचिव से पूर्व अनुमति



लेना आवश्यक है। बूंदी शादियों तो कई ऐतिहासिक धरोहरों के लिए जाना जाता है किंतु हमारी यह अंजनी धरोहर बेहद ही खूबसूरत है।

1624 में बूंदी से कोटा अलग हो गया था और चंबल नदी के किनारे नए शहर की बसावट शुरू हो गई थी। बाद में कोटा प्रगति के पथ पर बढ़ता गया। चंबल नदी ने इसमें बहुत सहायता की। बूंदी जैसा का तैसा ही रह गया। यानी गुरु गुड और चेला शक्कर।

किंतु इस शांत शहर की भी एक अपनी अद्भुत विशेषता है फक्कड़ पन है मस्ती है और जीवन भरपूर जी लेने की तमन्ना है।

फूल सागर महल में सीढ़ी नुमा कुआं और सेवकों के रहने के लिए आवास भी बनाए हैं। यह महल झील की ओर से महल लगता है तो दूसरी ओर से किले नुमा संरचना है। फूल सागर महल है सकून देने वाली धरोहर। यहां पर वर्षा के मौसम में चल की ओर से आने वाली फुहारें शरीर में रोमांस पैदा कर देती हैं। वर्षा काल में यहां पर्यटकों की जबरदस्त आवा जाही रहती है। शहर के और गाड़ियों के प्रदूषण से दूर यह महल थके हुए प्रवासी पक्षियों को भी सर्दियों में धूप सुकून देता है और इससे जुड़ी फूल सागर झील प्रवासी पक्षियों के लिए मछलियां और अन्य जल जीवदेती हैं।

# भाई–बहन के पावन संबंधों की मजबूती का पर्व है भाई दूजभाई–बहन के पावन संबंधों की मजबूती का पर्व है भाई दूज

– योगेश कुमार गोयल

## भाई दूज (3 नवंबर) पर विशेष

आमतौर पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात् कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 31 अक्तूबर को मनाई गई है और भाई दूज पर्व 3 नवंबर को मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर शुरू होकर 3 नवंबर को रात 10 बजकर 5 मिनट पर रहेगी। इसलिए भाई दूज का पर्व 3 नवंबर को ही मनाया जाएगा। भाई दूज पर तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से दोपहर 3 बजकर 21 मिनट तक है। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है।

भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए।

यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार



व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा।

भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी।

कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है।

जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरूष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई।

सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाए तो सभी की आंखों में आंसू आ गए और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया। भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढ़ेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया। भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों

# रेसिपी कार्नर कश्मीरी पनीर

आपका Kitchen

अगर आप भी कश्मीरी खाने के शौकीन हैं तो आपको यह रेसिपी जरूर पसंद आएगी। अब तक आपने पनीर की कई तरह की डिश खाई होगी लेकिन कश्मीरी पनीर की बात ही अलग है। 25 मिनट में तैयार होने वाली इस रेसिपी को आप अपने डिनर मेन्यू में शामिल करके सबको इम्प्रेस कर सकते हैं। पनीर के पीस को डीप फ्राई करके दूध की ग्रेवी और खड़े मसालों में पका सकते हैं। यह डिश आप दम आलू, उबले चावल और मूली की चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं। कश्मीरी स्टाइल से बनी पनीर की यह डिश आपको बेहद ही पसंद आएगी।

### कश्मीरी पनीर की सामग्री

1/2 टेबल स्पून तेल3 लौंग1 तेजपत्ता1 दालचीनी स्टिक1 टी स्पून जीरा3 हरी इलायची1 टेबल स्पून सौंठ पाउडर1 टेबल स्पून सौंफ पाउडर1 ग्लास दूधस्वादानुसार नमकस्वादानुसार काली मिर्च1/4 ग्लास पानी(बड़े पीस में कटा हुआ और फ्राई किया हुआ) 300 ग्राम पनीर(गार्निशिंग के लिए) हरा धनिया



### कश्मीरी पनीर बनाने की विधि

**1.**एक कढ़ाही में तेल गर्म करके उसमें तेजपत्ता, लौंग, हरी इलायची, दालचीनी स्टिक और जीरा डालें। **2.**जब यह फूटने लगे, तो इसमें सौंफ और सौंठ पाउडर डालें। अच्छी तरह फ्राई करें। फिर इसमें दूध और पानी डालें। **3.**मिक्सचर को एक बार उबाल लेने के बाद इसमें नमक और काली मिर्च डालें। **4.**इसके बाद पनीर के फ्राई किए पीस डालें। पांच मिनट के लिए आंच को हल्का करके छोड़ दें। **5.**हरा धनिया से गार्निश कर दम आलू, मूली की चटनी और उबले हुए चावल के साथ सर्व करें।

### रेसिपी नोटस

डिश को बनाने के बाद करीब 20 से 30 मिनट के लिए साइड रख कर छोड़ दें, जिससे पनीर दूध को अच्छी तरह सोक ले।

इसके अलावा आप चाहे तो इस डिश को थोड़े से मटर डालकर भी गार्निश कर सकते हैं।

## लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा, अच्छी बल्लेबाजी जरूरी : अश्विन



**मुंबई:** सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्वीकार किया कि वानखेड़े स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर 150 के आसपास का लक्ष्य भारतीय बल्लेबाजों के लिये आसान नहीं होगा। न्यूजीलैंड ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाये जिससे उसके पास 143 रन की बढत हो गई है। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले का मानना है कि यह लक्ष्य आसान नहीं होगा।अश्विन ने जियो सिनेमा पर इंटरव्यू में दिनेश कार्तिक से कहा ,'' हमें उनकी पारी का अंत करना होगा। इस पारी में बचाया गया हर रन अहम है। इस पिच पर रन बनाना आसान नहीं है। हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी।'' अश्विन इस पिच पर धीमी उछाल से हैरान है क्योंकि आम तौर पर मुंबई में ऐसा नहीं होता। अश्विन ने कहा ,'' मुझे लगा था कि और उछाल होगी। यहां काफी धीमी उछाल है जबकि मुंबई की पिच ऐसी नहीं होती। मैच दो हिस्सों में बंट गया है। एक पवेलियन छोर और दूसरा छोर और दोनों की प्रकृति अलग है। ड्रेसिंग रूम की तरफ से गेंदबाजी करने पर यह सपाट है और उछाल बहुत कम है।''

# गिल, पंत और गेंदबाजों ने जगाई भारत की उम्मीद

**मुंबई:** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाए और 143 रनों की बढ़त हासिल कर ली। एजाज पटेल सात रन बनाकर नाबाद लौटे। शनिवार को कीवियों के लिए विल यंग ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 51 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा कॉनवे ने 22, मिचेल ने 21 और फिलिप्स ने 26 रन बनाए। बाकी चार बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। भारत के लिए जडेजा ने चार, अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, आकाश दीप और सुंदर को एक-एक विकेट मिला। भारत की पहली पारी 263 रन पर समाप्त हुई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया को 28 रन की बढ़त मिली। भारत की



ओर से शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए। शनिवार को भारत ने चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया और 177 रन बनाने में बाकी छह विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने आज भारतीय पारी को आगे बढ़ाया और आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाई। पंत ने इस दौरान टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक और गिल ने सातवां अर्धशतक लगाया। बड़े हिट के चक्कर में पंत एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। उन्हें ईश सोढ़ी ने पवेलियन भेजा। वह 59 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। एक वक्त भारत का स्कोर चार विकेट पर 180 रन था और फिर 83 रन बनाने में टीम इंडिया ने आखिरी छह विकेट गंवा दिए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा 14 रन, रविचंद्रन अश्विन छह रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 146 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली। सरफराज खान और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। वॉशिंगटन सुंदर ने आखिर में कुछ बड़े हिट्स लगाए और भारत को बढ़त दिलाई। वह 36 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने पांच विकेट लिए। वहीं, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।

## कृषा वर्मा ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता, पांच अन्य को रजत

**नयी दिल्ली :** युवा भारतीय मुक्केबाज कृषा वर्मा ने अमेरिका के कोलोराडो में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित शुरूआती अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य मुक्केबाजों ने रजत पदक अपनी झोली में डाले। कृषा ने 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में जर्मनी की साइमन लेरिका को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में मात दी। चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गये जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चंचल अयोग्य घोषित किए जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जबकि अंजलि को इंग्लैंड की मिया-तिया आयटन से 0-5 से हार मिली। आकांक्षा इंग्लैंड की लिली डीकॉन से जबकि राहुल अमेरिका के



अविनोंग्या जोसेफ से 1-4 के समान अंतर से पराजित हुए। विनी को इंग्लैंड की एला लोन्सडेल से 2-3 के विभाजित फैसले में शिकस्त मिली। पांच महिला मुक्केबाज और एक पुरुष मुक्केबाज शनिवार को फाइनल में स्वर्ण के लिए रिंग में उतरेंगे। विश्व मुक्केबाजी का यह पहला वैश्विक टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को ओलंपिक आंदोलन में मुक्केबाजी का स्थान सुनिश्चित करने के लिए लांच किया गया था जिसका उद्देश्य मुक्केबाजी के लिए विश्व संचालन संस्था के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की जगह लेना है।

## कोहली ने 2027 तक आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने के संकेत दिए

**बेंगलुरुः** विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है। कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और



खेलना है। उन्होंने इसमें कहा, ''इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है।'उन्होंने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता सही में बहुत विशेष हो गया है। ' उन्होंने फिर कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते। उन्होंने कहा, ''मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नयी टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं।'कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। उन्होंने कहा,'हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे।' कोहली ने कहा, 'मैं भी इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। और निश्चित रूप से लक्ष्य अगले चक्र में कम से कम एक बार आईपीएल खिताब जीतना है।'उन्होंने वादा किया कि आरसीबी आईपीएल खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। कोहली ने कहा,'हम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और सभी को गर्व महसूस कराने

## न्यूज अपडेट

### हॉकी इंडिया लीग : दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओसली दिल्ली एसजी पाइपर्स से जुड़े

**नयी दिल्ली:** दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को इंग्लैंड महिला हॉकी की मिडफील्डर और सुपरस्टार लिली ओसली से हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिये करार किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली 28 वर्ष की डच मिडफील्डर शान डि वार्ड की जगह लेंगी जिन्होंने निजी कारणों से नाम वापस ले लिया। ओसली ने रियो ओलंपिक 2016 में स्वर्ण और तोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2022 बर्मिंघम और 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम की कोच डेव स्मोलेनार्स ने एक बयान में कहा ,'शान डि वार्ड का नहीं होना टीम के लिये झटका है लेकिन उनकी जगह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ओसली का आना राहत की बात है। उनके पास अपार अनुभव और नेतृत्व क्षमता है।' टूर्नामेंट एक फरवरी से रांची में खेला जायेगा।

### मैं कभी टेनिस समुदाय का अनादर नहीं करता, मैं इसका हिस्सा हूं : रोहित राजपाल

**नयी दिल्ली :** भारत के गैर खिलाड़ी डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने 'शट अप' उन्हें एजेंडे के तहत लगातार निशाना बना रहे कुछ लोगों के लिये कहा था , देश के टेनिस समुदाय के लिये नहीं जैसा कि पेश किया जा रहा है। राजपाल ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा कि डेविस कप कप्तान के रूप में उनकी योग्यता पर सवाल उठाने वाले लोगों को रिसर्च करना चाहिये और वह उन लोगों में से नहीं है जो खिलाड़ियों के नहीं चाहने पर पद पर बने रहेंगे। आम तौर पर विवादों से परे रहने वाले राजपाल स्टॉकहोम में पिछले डेविस कप मुकाबले में स्वीडन के हाथों भारत की 0 . 4 से हार के बाद अपने आलोचकों को 'शट अप' कहने के कारण विवादों में घिर गए थे। 54 वर्ष के राजपाल ने स्वीकार किया कि मीडिया से बातचीत में उकसाये जाने पर उन्हें उस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये थी। उन्होंने पीटीआई मुख्यालय पर बातचीत में कहा,' मैं खुद भारतीय टेनिस समुदाय का हिस्सा हूं। इतनी सारी चीजों से जुड़ा हूं। टेनिस मेरा जीवन है और मैं भारतीय टेनिस समुदाय को इस तरह कुछ बोलने के बारे में सपने में भी नहीं सोच सकता। मैं ऐसा क्यो करूंगा।'

### पूर्व भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की

**मलाप्पुरम (केरल) :** पूर्व भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है जिससे उनके 17 साल का करियर समाप्त हो गया। इस 37 साल के खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और भावनाओं से भरा एक नोट भी लिखा। उन्होंने कहा,'अब समय आ गया है कि मैं अपने पेशेवर फुटबॉल को अलविदा कह दूं। मलाप्पुरम के स्टेडियम से लेकर भारत के स्टेडियमों तक चली यह यात्रा सपने का सच होना रही।' उन्होंने कहा, 'इस दौरान उतार-चढ़ाव के दौरान मेरे परिवार, कोच, टीम के साथी और प्रशंसकों का धन्यवाद जिन्होंने मुझे जरूरत पड़ने पर सहारा दिया। फुटबॉल ने मुझे इतना दिया है। मैं हर पल के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।' राजपाल ने कहा ,' मैं किसी का इस तरह अनादर करने की सोच भी नहीं सकता लेकिन मुझे इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिये थी। लेकिन सवाल इतने बुरे तरीके से पूछा गया था और मेरी टीम मेरे साथ बैठी थी तो मुझे अपमानित सा महसूस हुआ।'



# एडीबी ने भारत के जीवाश्म ईंधन सब्सिडी सुधारों की सराहना की

**नयी दिल्ली:** भारत ने 2010 से जीवाश्म ईंधन सब्सिडी सुधार पर एक सुनियोजित 'हटाओ', 'लक्ष्यित करो' और 'स्थानांतरित करो' दृष्टिकोण के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत तीन प्रमुख नीतिगत कारकों- खुदरा मूल्य, कर दरें और चयनित पेट्रोलियम उत्पादों पर सब्सिडी के संयुक्त प्रभाव को सावधानीपूर्वक संतुलित करके तेल और गैस क्षेत्र में अपनी राजकोषीय सब्सिडी को 85 प्रतिशत तक कम करने में सक्षम रहा, जो 2013 में 25 अरब डॉलर के अस्थिर शिखर से 2023 में 3.5 अरब डॉलर तक आ गया। अपनी 'एशिया-प्रशांत जलवायु रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि भारत ने पेट्रोल और डीजल पर सब्सिडी धीरे-धीरे समाप्त कर दी (2010 से 2014 तक) और करों में क्रमिक वृद्धि की



(2010 से 2017 तक), जिससे नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकारी समर्थन बढ़ाने के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनी। रिपोर्ट में कहा गया, वर्ष 2014 से 2017 तक (कच्चे तेल की कम कीमतों का दौर) पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि से प्राप्त अतिरिक्त कर राजस्व को ग्रामीण गरीबों के बीच तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उपयोग को बढ़ाने के लिए पहुंच में सुधार और लक्षित सब्सिडी के लिए पुनर्निर्देशित किया गया। इसमें कहा गया, एलपीजी के लिए सब्सिडी में वृद्धि हुई है और अब लक्ष्यीकरण में सुधार करने और गैर-जीवाश्म ईंधन खाना पकाने के विकल्पों को विकसित करने के प्रयासों की आवश्यकता हो सकती है। साल 2010 से 2017 तक भारत सरकार ने कोयला उत्पादन और आयात पर उपकर (कर) लगाया। उपकर संग्रह का लगभग 30 प्रतिशत राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण कोष में डाला गया, जिसने स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं और अनुसंधान का समर्थन किया। भारत के सब्सिडी सुधारों और कराधान उपायों के परिणामस्वरूप, देश की जीवाश्म ईंधन सब्सिडी 2014 से 2018 तक कम हो गई। रिपोर्ट में कहा गया, इसकी अक्षय ऊर्जा सब्सिडी भी 2017 में चरम पर पहुंच गई थी, लेकिन अब एक बार फिर बढ़ रही है, जिसमें प्रमुख समर्थन योजनाएं सौर पार्कों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (एसओई) और वितरित अक्षय ऊर्जा को लक्षित कर रही हैं।

## दिवाली के बाद शादी-ब्याह के सीजन पर झवेरी बाजार की नजर, बिक्री में 30 प्रतिशत इजाफे की उम्मीद

**मुंबई :** पांच दिनों का दिवाली का पर्व सोमवार को समाप्त होने जा रहा है, जिसके बाद ज्वेलर्स की नजरे शादी ब्याह के सीजन पर टीकी हुई हैं। रिटेल ज्वेलर्स और झवेरी बाजार पूरी तरह से शादी ब्याह के सीजन की बिक्री के लिए तैयार हो गया है। ज्वेलर्स का कहना है कि इस साल शादी ब्याह का सीजन अच्छा जाने की उम्मीद है, जिसके लिए हम पहले से तैयार हैं। नवंबर से लेकर मार्च तक शादी-ब्याह के मुहूत होने की वजह से ज्वेलर्स को 30 प्रतिशत से अधिक बिक्री की उम्मीद है। रिद्धिसिद्धि बुलियन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पृथ्वीराज कोठारी का कहना है कि शादी ब्याह के अवसर पर बिक्री बढ़ने की संभावना है, क्योंकि यह भारतीयों परिवारों के लिए यह बड़ा इवेंट होता है। कॉन्फडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने हाल भी बताया कि 2023 में 11 के मुकाबले इस साल 18 शादी ब्याह के शुभ मर्हुत है जिसके कारण कारोबार में वृद्धि होगी। अकेले राजधानी नई दिल्ली में





इस सीजन में 4.5 लाख शादियों से 1.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान जताया गया है।

### 30 प्रतिशत से अधिक बिक्री की उम्मीद

जेम्स एंड ज्वेलरी एंड प्रमोशन काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष नीतिन खंडेलवाल बताते हैं कि शादी ब्याह में बिक्री इसलिए भी बढ़ेगी, क्योंकि इसके लिए पहले से अलग से एक बजट निर्धारित होता है। त्योहारों पर इसके लिए कोई बजट नहीं होता, लोगों ने सोना शगुन और शुभता के लिए खरीदते हैं, वहीं शादी ब्याह के लिए यह जरूरी होता है। इसलिए बिक्री बढ़ने की पूरी संभावना ज्वेलर्स को है। मुंबई ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार जैन बताते हैं कि शादी ब्याह को लेकर 25 से 30 प्रतिशत तक की खरीदारी ग्राहकों ने तब की थी जब सरकार ने सोने के आयात शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किया था। मौजूदा समय में शादी ब्याह को लेकर अच्छी खरीदारी होने की संभावना है। दिवाली पर सोने के ऊंचे दाम की वजह से बिक्री कम रही, लेकिन चांदी की खरीदारी 33 प्रतिशत रही। शादी ब्याह के सीजन में 30 प्रतिशत से अधिक बिक्री की

## कोल इंडिया लिमिटेड को उत्पादन बढ़ाकर उच्चस्तर पर लाना होगा: कोयला मंत्री



**नयी दिल्ली :** कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए घरेलू स्रोतों से कोयला उत्पादन महत्वपूर्ण है और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को भविष्य में उत्पादन को उच्चस्तर तक बढ़ाना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई अपने 50वें वर्ष में प्रवेश कर गई है।घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। कोयला मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, रेड्डी ने कहा कि देश में कोयले का उत्पादन अभी अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने सीआईएल से उत्पादन को और भी अधिक बढ़ाने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए घरेलू स्रोतों से उत्पादन महत्वपूर्ण है। कोल इंडिया को भविष्य में उत्पादन को और अधिक बढ़ाना होगा। सीआईएल एक नवंबर, 1975 को राष्ट्रीयकृत कोकिंग कोयला और गैर-कोकिंग कोयला खदानों की शीर्ष होल्डिंग कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई थी। बयान के अनुसार, 1975-76 के दौरान 8.9 करोड़ टन उत्पादन करने वाली महारत्न कोयला कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.7 गुना वृद्धि के साथ 77.36 करोड़ टन उत्पादन किया।

## आंकड़े: भारत का सोना विदेश से ज्यादा अब देश में, पांच साल में 40 फीसदी बढ़कर 854 टन पहुंचा आरबीआई का भंडार



**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से लगातार भंडार बढ़ाने के कारण भारत के पास घरेलू बाजार में अब विदेश से ज्यादा सोना हो गया है। आंकड़े बताते हैं कि आरबीआई के पास 510 टन सोना है जो कुल रिजर्व का 60 फीसदी है। इस साल मार्च से सितंबर के बीच भंडार में 120 टन की बढ़त हुई है। बैंक ऑफ इंग्लैंड व बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास 324 टन सोना सुरक्षित कस्टडी में रखा गया था। 20 टन सोना डिपॉजिट के रूप में था। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर, 2019 में आरबीआई के पास 618 टन सोना था, जो इस साल सितंबर में बढ़कर 854 टन हो गया है। पांच साल में आरबीआई के भंडार में 40 फीसदी की बढ़त हुई है।

## न्यूज अपडेट

### बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रीसिजन इंजीनियरिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की प्रमुख कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएफआईएल) ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने ऑडिटेड कॉन्सोलिडेटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। यह मंजूरी 21 अक्टूबर 2024 को हुई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में दी गई। बीएफआईएल के राजस्व में सालाना आधार पर 60.1 फीसदी की शानदार वृद्धि आई। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में परिचालन से राजस्व 222.87 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 139.22 करोड़ रुपये रहा था। इसका कारण ग्राहक जोड़ने पर लगातार ध्यान देना और विशेष इंजीनियरिंग उत्पादों की मांग बरकरार रहना है। एबिटा में 116.5 फीसदी की तेजी आई। मार्जिन में 763 बीपीएस की बढ़ोतरी आई और यह वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के 21.6 फीसदी से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 29.3 फीसदी पर पहुंच गया।

### एसीआई ने एस जी के किशोर को एशिया-प्रशांत, पश्चिम-एशिया का अध्यक्ष नियुक्त किया

**मुंबई :** जीएमआर समूह के वरिष्ठ अधिकारी एस जी के किशोर को विश्व हवाई अड्डा परिचालकों की शीर्ष संस्था एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) का एशिया-प्रशांत और पश्चिम-एशिया का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगी। जीएमआर समूह ने बयान में कहा कि वर्तमान में जीएमआर एयरपोर्ट्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य नवाचार अधिकारी किशोर कंबोडिया एयरपोर्ट्स के बोर्ड निदेशक इमैनुएल मेनेंटेउ का स्थान लेंगे। बयान के अनुसार, हांगकांग मुख्यालय वाले एसीआई-एपीएसी और एमआईडी के अध्यक्ष के रूप में वह इस क्षेत्र में वृद्धि को समर्थन देने के लिए काम करेंगे। जीएमआर समूह के अनुसार, किशोर का नेतृत्व क्षेत्रीय मानकों को बढ़ाने, सदस्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और तेजी से बढ़ते विमानन परिदृश्य की अनूठी चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित होगा।

### एसबीआई ने देबाशीष मिश्रा को नयी दिल्ली मंडल का सीजीएम नियुक्त किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को कहा कि उसने देबाशीष मिश्रा को अपने नयी दिल्ली मंडल का मुख्य महाप्रबंधक नियुक्त किया है। एसबीआई ने एक बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति एक नवंबर, 2024 से प्रभावी होगी। उन्होंने कल्पेश के अवसिया का स्थान लिया, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं। बयान में कहा गया कि मिश्रा के पास भारत और विदेश में ऋण, परिचालन, विदेशी मुद्रा, आईटी, मानव संसाधन और एमएसएमई क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है। एसबीआई के नयी दिल्ली मंडल में 1,700 से अधिक शाखाएं हैं।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने चिन्नार पार्क, कोलकाता में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना जारी रखेगा, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक अधिक पहुंच सुनिश्चित होगी। इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हम पश्चिम बंगाल में अपने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार करके खुश हैं। चिन्नार पार्क अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है और यह राज्य में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन से न केवल स्थानीय समुदायों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के भीतर आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। इसके साथ ही बैंक के कोलकाता में 17 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 982 बैंकिंग आउटलेट हो गए है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4047 अंक 197, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in